हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026



# 6536 हेक्टेयर में लगेगी दलहन-तिलहन, उद्यानिकी फसलें, पिछले साल से दोगुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन के बाद अब रबी सीजन की खेती में सभी किसान जुट गए हैं। जिले में बड़ी संख्या में किसान जहां धान की फसल ले रहे हैं। वहीं सकारात्मक स्थिति यह है कि इस बार दलहन-तिलहन जैसी फसलों के रकबे में भी बड़ा इजाफा हुआ है, बल्कि पिछले साल के मुकाबले इस बार दो गुना रकबे में किसान धान के अलावा अन्य फसल ले रहे हैं। जिसका सीधा फायदा ग्रामीण इलाकों में गर्मी के दिनों में होने वाले जल संकट से राहत के रूप में मिलेगा।

राजनांदगांव जिले के लगभग सभी इलाकों में विगत वर्ष धान की बंपर पैदावार के बावजूद अब किसानों में पारंपरिक फसलों के साथ अन्य फसलों की ओर रूझान बढ़ने लगा है।

## सरकार ने फसल परिवर्तन अभियान के तहत हासिल की सफलता, 70% टारगेट पूरा

### दलहन-तिलहन की ओर किसान

पहले चना और अरहर जैसी दलहनी फसलों की तरफ भी किसानों का रूझान दिखाई दिया करता था, परन्तु पिछले एक दशक के दौरान खरीफ के साथ ही रबी सीजन में भी किसानों ने धान को अधिक महत्व देना शुरू कर दिया था। जिसका सीधा असर ग्रामीण इलाकों के जलस्तर पर देखने को मिल रहा था। ऐसे में प्रशासन के जागरूकता अभियान के चलते अब किसान वापस दलहन-तिलहन और उद्यानिकी फसलों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं।



**मक्का, रागी की भी फसल :** रबी सीजन में इस बार किसानों को दलहन, गेहूं, रागी आदि फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शासन प्रतिवर्ष धान की फसल का रकबा घटते जा रहा है। दलहनी फसल में ज्यादातर किसान चना, मटर, मसूर, उड़द, तिवड़ा आदि की फसल ले रहे हैं। वहीं तिलहन फसलों का रकबा भी बढ़ा है। इस बार जिले में कुल 6536 हेक्टेयर में दलहन, तिलहन, मक्का-रागी, अनाज और उद्यानिकी फसल ली जा रही है।

### रबी खेती के लिए फायदेमंद

अनुभवी किसानों ने बताया कि रबी सीजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस सीजन में भारी वर्षा, आंधी-तूफान, सूखा, बाढ़ जैसे प्राकृतिक आपदा का खतरा भी बहुत कम होता है। इतना ही नहीं इस सीजन के फसल से कम लागत में अधिक से अधिक एवं उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि रबी सीजन में दलहन-तिलहन जैसी फसलें लगाकर भी किसान अब मुनाफा कमा रहे हैं।

राष्ट्रीय दलहन मिशन का असर जिले में दिखाई दे रहा है। जिसके तहत किसान अब इन फसलों के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा उन्नत किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन फसलों में लागत कम आती है और भूमि अधिक समय तक उपजाऊ बनती है। जलवायु और मिट्टी की स्थिति को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दलहन की खेती को बढ़ावा देकर न केवल किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनाए रखी जा सकती है। इस वर्ष जिले में दलहनी फसलों का रकबा पिछले साल के मुकाबले लगभग साढ़े तीन हजार हेक्टेयर बढ़ा है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष तिलहन और उद्यानिकी फसलों का रकबा रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा है। जिसका सीधा फायदा किसानों को होगा।

### केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से किया अनिवार्य, कचरे के निष्पादन में मिलेगी सहायता

# डोर-टू-डोर कचरा उठाने का बदला नियम चार श्रेणियों में होगी छंटाई, अप्रैल से अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन के नए नियम अधिसूचित कर दिए हैं, जिनके तहत अब कचरे को स्त्रोत पर ही चार अलग-अलग श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य होगा। इसमें उन संस्थाओं, निकायों की जिम्मेदारी तय की गई है, जहां से बड़े पैमाने पर कचरा निकलता है। ज्ञात हो अब तक केवल गीला-सूखा यानि दो श्रेणी में कचरा उठाव किया जाता था।

आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाएगी, क्योंकि उन्हें भी घर से ही कचरे को चार तरीके से अलग करना होगा। ये नए नियम एक अप्रैल से देशभर में लागू होंगे। नए नियमों के अनुसार ठोस कचरे को चार स्तर पर अलग-अलग करना जरूरी होगा। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी कचरा और विशेष देखभाल वाला कचरा शामिल है। सरकार का मानना है कि इससे कचरे के वैज्ञानिक निपटान में मदद मिलेगी और शहरी स्थानीय निकायों पर बोझ कम होगा।




### शहर के 44 हजार घरों से उठाव

निगम के स्वच्छता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार डोर-टू-डोर के तहत शहर के करीब 44300 घरों से कचरे का उठाव किया जाता है। इस काम के लिए विभिन्न इलाकों में बनाए गए 16 सेंटरों के माध्यम से कुल 442 कर्मचारी तैनात किए गए है। रोजाना शहर में ही 80 से 85 टन के बीच कचरा उठाया जाता है, इन्हें अब तक गीला-सूखा श्रेणी में बांटा जाता था, लेकिन अब इसे चार श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

### अपने परिसर में ही करना होगा कचरे का निपटान

सरकार ने बड़े अपशिष्ट उत्पादकों की साफ परिभाषा तय की है, जिन परिसरों का क्षेत्रफल 20 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा है या प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक पानी का इस्तेमाल होता है या रोजाना 100 किलो से ज्यादा कचरा निकलता है, उन्हें थोक अपशिष्ट उत्पादक माना जाएगा। ऐसे संस्थानों को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निपटान करना होगा या फिर प्रमाणित एजेंसियों से प्रोसेसिंग करानी होगी। इससे नगर निगमों पर बोझ कम होगा और कचरा प्रबंधन का विकेंद्रीकरण बढ़ेगा।

### स्त्रोत से ही अलग करना होगा कचरा

**गीला कचरा:** रसोई का कचरा, सब्जियों और फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, मीट, फूल-पत्तियां आदि। इस कचरे को आसपास के कंपोस्टिंग या बायो-प्रोसेसिंग के जरिये निस्तारित किया जाएगा, ताकि जैविक खाद तैयार हो सके।

**सूखा कचरा:** प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच, लकड़ी और रबर जैसे पदार्थ सूखे कचरे में आएंगे, इन्हें मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) में भेजा जाएगा, जहां इनकी छंटाई कर रिसाईलिंग या दोबारा उपयोग की प्रक्रिया होगी।

**सैनिटरी कचरा:** इस्तेमाल किए गए डायपर, सैनिटरी नैपकिन, टिश्यू, मास्क, टैंफोन आदि को सुरक्षित तरीके से लपेटकर अलग रखा जाएगा। इनके कलेक्शन और डिस्पोजल के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा न हो।

**विशेष देखभाल कचरा:** इसमें पेंट के डिब्बे, बल्ब, मरकरी थर्मामीटर, बैटरियां, एक्सपायर्ड दवाइयां जैसे खतरनाक पदार्थ शामिल होंगे, इन्हें केवल अधिकृत एजेंसियां इकट्ठा करेंगी या तय कलेक्शन सेंटर पर ही जमा करना होगा।

# पारिवारिक रंजिश: वृद्ध पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पारिवारिक रंजिश के कारण जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 01 फरवरी को ग्राम अछोली निवासी चंद्रकुमार जंघेल एवं ग्राम पेंड्रावन निवासी यशंवत वर्मा मोटर साइकिल से ग्राम कोटरा में पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम कोटरा निवासी धुरूराम जंघेल के घर आकर जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे चाकू से धुरूराम जंघेल के सिर के पीछे, बांये आंख के ऊपर गले में एवं बांये हाथ के पास ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दोनों आरोपी भागने लगे थे।

### बदला लेने किया हमला

जिसे पकड़कर थाना लेकर आने व पूछताछ करने पर बताया कि उनके दादा कन्हैया को धुरूराम द्वारा कुछ साल पहले मारपीट किए थे। उसी का बदला लेने के लिए धुरूराम को जान से मारने की नीयत से चाकू से कई बार अनेक जगह वार किया। इस मामले में प्रार्थिया श्रीमती सकुनबाई जंघेल 55 साल कोटरा की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी चंद्रकुमार जंघेल से घटना में प्रयुक्त चाकू, लोहे की टंगली एवं आरोपी यशवंत वर्मा से मोटर साइकिल को जब्त किया गया। आरोपी चंद्रकुमार जंघेल 20 साल अछोली और यशवंत वर्मा 23 साल पेंड्रावन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किए। आरोपियों को 01 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों को उप जेल सलोनी भेजा गया।

### ठाकुरटोला मड़ई 6 को

**सोमनी।** ग्राम ठाकुरटोला में इस वर्ष भी ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 फरवरी को मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। मड़ई-मेला महोत्सव समिति के सचिव बिसहतलाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी-बदरिया मोरवा गुरुर जिला बालोद वालों का रखा गया है। उन्होंने कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील लोगों से की है।

### माए एंगल




# शेयर मार्केट की आड़ में लाखों रुपए की ठगी, आरोपी यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शेयर मार्केट में पैसा निवेश कराने पर राशि दोगुनी कर वापस करने का झांसा देकर धोखाधड़ी किए जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कई प्रार्थियों द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि धनीराम सिन्हा नामक व्यक्ति द्वारा शेयर मार्केट में पैसा निवेश कराने पर राशि दोगुनी कर वापस करने का झांसा देकर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर धारा 420 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### घेराबंदी कर पकड़ा गया

इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद क्षेत्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस गठित टीम द्वारा गाजियाबाद ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी क्षेत्र में दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम धनीराम सिन्हा बताया तथा अपराध करना स्वीकार किया।

### एटीएम कार्ड, पासबुक व मोबाइल जब्त

आरोपी के कब्जे से 4 एटीएम कार्ड, 1 पासबुक एवं 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी द्वारा कई प्रार्थियों से शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा दिलाने के नाम पर लगभग 82,50,000 की धोखाधड़ी की गई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक देवादास भारती, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, राजेश बंदेश्वर, रूपेन्द्र वर्मा, आशीष मानिकपुरी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मोपेड़ में ले जा रहा था शराब, पकड़ा गया



**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 52 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार थाना घुमका क्षेत्र अंतर्गत 01 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जा रहा है। इस सूचना पर रात 9.30 बजे ग्राम कालडबरी दसवमिल के पास घेराबंदी कर मोपेड में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जाने वाले को पकड़ा गया।

### डिक्की में रखा था शराब

मौके पर कार्रवाई करते आरोपी विनय कुमार यादव के कब्जे से एक सफेद रंग के पुरानी मोपेड की डिक्की के अंदर रखे 52 पौवा शोले मसाला देशी शराब को जब्त कर आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल वारंट प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया।

# प्रार्थना सभाओं की आड़ में धर्मांतरण नाराज हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर धर्मांतरण किए जाने के मामले को लेकर आज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन के माध्यम से इस तरह की सभी प्रार्थना सभाओं को बंद कराने मांग की है। वहीं बीते रविवार को शहर के मोतीपुर क्षेत्र में प्रार्थना सभा के दौरान अन्य समाज के लोगों को एकत्रित कर धर्मांतरण कराया जाने के मामले में शिकायत करते जांच व कार्रवाई की मांग की है।

मोतीपुर वार्डवासियों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मोतीपुर क्षेत्र में महेश वर्मा अपने निजी मकान में अवैध रूप से प्रार्थना सभा का संचालन करता है। यहां प्रत्येक रविवार को 30 से 50 हिन्दूओं को अपने घर में इकट्ठा करके उनको लालच और भय के माध्यम से उनका मतांतरण एवं धर्मान्तरण किया जा रहा है। यहां बाहरी लोगों की भीड़ इकट्ठा की जा रही है। जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि उक्त प्रार्थना सभा को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए अन्यथा क्षेत्र के लोग उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे।



### कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन

रविवार को शहर के मोतीपुर क्षेत्र में आयोजित प्रार्थना सभा में धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे थे, तब यहां जिले के अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचे लोग पाए गए। इसके विरोध के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया था। वहीं अब इस मामले में कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने ज्ञापन सौंपा है।

### प्रार्थना सभा में धर्मांतरण

विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास ने कहा कि शहर के नेहरू नगर, पनेका, मोतीपुर, रामनगर गौरीनगर क्षेत्र में लगातार प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी प्रार्थना सभा पर रोक लगाई जाए, अगर उन्हें प्रार्थना सभा की जानी है तो फिर चर्च में करें। जिससे आपत्ति नहीं होगी, लेकिन घर-घर में इस तरह से प्रार्थना सभा का आयोजन कर लोगों को भय और लालच से धर्मांतरण कराया जा रहा है।

### होटल, भवन सहित मैरिज लॉन की एडवांस बुकिंग, डेकोरेशन पर अधिक फोकस

**होलाष्टक के चलते फिर लगेगा आठ दिनों का ब्रेक**

# दो महीने के ब्रेक बाद लौटा शादियों का सजीन, 5 फरवरी से बजेंगी शहनाइयां, इस महीने ढेरों मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दो महीने से सूर्य अस्त होने के चलते लगे मांगलिक कार्यों में ब्रेक अब हट गया है। सूर्य उदय होने के साथ ही अब पांच फरवरी से शहनाइयां गूंजने लगेगी। इस साल फरवरी महीने में शादी के सर्वाधिक शुभ मुहूर्त हैं। जिसका असर है कि इस महीने शादियों की संख्या भी ढेरों हैं। आलम यह है कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर छोटा-बड़ा भवन, होटल और मैरिज लॉन पहले से ही बुक हो चुकी है। अधिक शादियों का असर है कि सैकड़ों जोड़ो को गार्डन में अपना रिसेप्शन करना पड़ रहा है।

हालांकि शादियों का सीजन लौटने से शहर के बाजारों में एक बार फिर रेशमी साड़ियों की चमक, सराफा बाजार में रौनक और कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी बढ़ जाएगी। पं. के अनुसार इन तिथियों पर शहर के सभी मैरिज पैलेस व होटलों में भीड़ रहने की संभावना है। फरवरी के मुख्य मुहूर्त की शुरूआत आगामी पांच फरवरी से हो रही है। इस महीने 5,6, 8, 10, 12, 14, 19, 20 और 21 फरवरी को मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त है। साल में सर्वाधिक मुहूर्त होने के कारण फरवरी में शादियों की संख्या भी अधिक है। इसके बाद होली का आगमन होगा और फिर से शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा।

### तीन दफा लगेगा शादियों में ब्रेक

इस साल शादियों में खरमास, अधिक मास और चातुर्मास के चलते लंबा ब्रेक रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च से 13 अप्रैल तक खरमास, जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे, तब एक महीने तक कोई शादी नहीं होगी। 17 मई से 15 जून ज्येष्ठ अधिकमास, इस बार ज्येष्ठ का महीना दो बार पड़ रहा है, इसलिए पहले महीने में शादी-ब्याह नहीं हो सकेंगे। वहीं 25 जुलाई से 20 नवंबर चातुर्मास, इन 4 महीनों के लिए भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे। इस दौरान देशभर में शादियां रूक जाएगी।

### 24 से होलाष्टक, फिर लगेगा ब्रेक

जहां पांच फरवरी से शादियों की शुरूआत होने जा रही है। वहीं माहांत में 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो जाएगा। जिसके बाद 8 दिनों तक हिंदू धर्म में शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। ऐसे में तीन मार्च को शाम 6:22 से रात 8:50 के बीच शुभ मुहूर्त में होलिका दहन होगा। रंगोत्सव: 4 मार्च को धुलेंडी के साथ रंगों वाली होली मनाई जाएगी। जिसके बाद पुनः शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

### सालभर में 59 शुभ मुहूर्त

ज्योतिष गणना के अनुसार एक फरवरी को शुक्र ग्रह का उदय हो गया है। जिसके बाद 5 फरवरी से विवाह के मंगल गीत गूंजने शुरू हो जाएंगे। इस साल विवाह के लिए कुल 59 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। इनमें से सबसे अधिक 12 मुहूर्त अकेले फरवरी के महीने में है। ऐसे में विवाह मुहूर्त के लिए लोगों की निगाहें फरवरी और आने वाले महीनों पर टिकी हुई है। हालांकि 23 जनवरी बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त होने के कारण बिना पंचांग देखे भी शादियां की गई है। साल में सर्वाधिक मुहूर्त होने के कारण फरवरी में शादियों की संख्या भी अधिक है।

# मोहभट्ठा के खेत में सजा था जुआ का फड़, पांच पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव के खेत में एकत्र होकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और पांच आरोपियों को पकड़ा। जिनसे नगदी सहित ताश पत्ती बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मौहाभाठा के खेत में एकत्र होकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी एवं जुआ खेल रहे आरोपी अलख मांडले 35 साल, हेमचंद नेटी 28 साल, शुभम ठाकुर 26 साल, हरिश कुमार देवदास 30 साल एवं योगेश पटेल 28 साल सभी निवासी ग्राम मौहाभाठा को पकड़ा गया।



### नगदी रकम सहित ताश पत्ती जब्त

आरोपियों के पास एवं फड़ से नगदी रकम 3110 रुपए, 52 पत्ती ताश व एक नीले रंग का टॉवेल को जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्रवाई किया गया है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत कथा आज से

**खुज्जी।** बड़भूम में महिला समूह एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कल 3 फरवरी से रखा गया है जो आगामी 11 फरवरी तक चलेगा। सरस्वती प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में खामभाट वाले पं उमाकांत शर्मा कथावाचन करेंगे। परायणकर्ता पं सुरेश तिवारी वाले होंगे। कथा का वाचन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगा।

### नेत्र और दंत शिविर आज

**जेवरतला रोड।** पिनकापार में निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर कल 3 फरवरी को पंचायत भवन में रखा गया है। स्व धापु बा, शंकरलाल, मेघराज, ज्ञानचंद जैन की स्मृति में मोहनलाल, धरमचंद, भंवरलाल, गुमानलाल जैन ने यह आयोजन रखा गया। उदयाचल नेत्र चिकित्सालय राजनांदगांव के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया जाएगा। सरपंच ने जनमानस को अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### धौराभांठा में मड़ई 7 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम धौराभांठा में आगामी 7 फरवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में संसारगढ़ के कार्यक्रम का मंचन होगा। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी खुमान साहू ने दी।

### 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**छुईखदान।** प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत 5 मृतकों के निकटतम वारिसानों को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत मामलों में रामपुर निवासी पुनीत यादव, कटंगी निवासी जान्हवी पटेल तथा धरमपुरा निवासी उदित ढीमर की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता दी गई है। संबंधित मृतकों के निकटतम वारिस क्रमशः पिता इंद्रकुमार यादव, पिता रवि पटेल एवं पत्नी श्रीमती मिनेश्वरी हैं। इसी प्रकार ग्राम बांसभीरा निवासी आरती साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उसके पिता कृष्ण साहू तथा सरईपतेरा के प्रभु मेरावी की कुएं में डूबकर मृत्यु होने पर उसकी पत्नी सुमित्रा को भी चार-चार लाख की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शिक्षकों ने दी बच्चों को उड़ान : संजय

**छुरिया।** मोरकुटुंब में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, विशेष अतिथि जनक साहू, निर्मला साहू, मयाराम साहू, टीकम साहू, विशाखाबाई साहू थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का अवसर भावुक करने वाला हैक्योंकि आज हम उस दीपक को सम्मानपूर्वक विदा दे रहे हैं,जिसने वर्षों तक ज्ञान की लौ जलाया। उन्होंने कहा कि चार दीवारों के भीतर सपनों को उड़ान देने वाले शिक्षक भले ही सेवानिवृत्त हो रहे है पर उनका दिया ज्ञान, संस्कार हमेशा जीवित रहेगा। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर सुरेश शोरी, ज्ञानसिंग शोरी, अशोक सेन सहित अन्य मौजूद थे।




### शिशुमंदिर में दीक्षांत समारोह आयोजित

**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर छुरिया में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि स्वप्निल पटेल, विशिष्ट अतिथि मोहनलाल साहू, लोकराम साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य बृजमोहन साहू ने की। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती ,भारत माता की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। सरस्वती वंदना, अतिथि परिचय एवं स्वागत के बाद प्राचार्य ने कहा कि कक्षा द्वादश के भैया बहनों ने विद्यालय में संस्कार ग्रहण किए हैं उन्हें आगे भी बनाए रखेंगे तभी शिक्षा का सार्थकता होगी। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने भैया बहनों को सतत कामयाबी हासिल करने प्रेरित किया। मोहनलाल साहू एवं प्रधानाचार्य लोक राम साहू ने भी संबोधित किया। वंदना यादव ने अपनी बात रखा। संचालन पूर्वी यादव एवं गीतिका कुरेटी ने किया।




### मातेखेडा के तीन बच्चे खेलने हरियाणा गए

**बांधाबाजार।** मिडिल स्कूल मातेखेड़ा के 3 बच्चों का चयन 35 वीं सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र हरियाणा में 4 फरवरी तक रखी गई है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम की ओर से मिडिल स्कूल मातेखेड़ा की मोनिका पिता सुरेश कुमार, पुष्पांजलि पिता भुवन, कैलाश पिता बृजभूषण कुमार भाग ले रहे हैं। उनके रवाना होने के दौरान प्रधानपाठक शेरसिंह परतेती, जशवंत साहू, रूपचंद हमराज, दिनेश्वरी साहू, अमर बंजारे, जयनारायण सार्वा, संजय कोर्राम, व्हीके मंडलोई, टोमन साहू, अखिलेश खरे, सरपंच गोपाल सेन, मनोज साहू, सुखीराम नेताम ने सफलता की कामना के साथ रवाना किया। यह जानकारी कोच भारत कोटेलकर ने दी।



### तुमड़ीबोड में निःशुल्क परामर्श शिविर

**तुमडीबोड़।** ग्राम पंचायत में यश पारख ने अपने जन्मदिन के मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी सलाह विशेषज्ञों से लिया। इस अवसर पर श्री पारख ने कहा कि जनसेवा करना ही उनका उद्देश्य है। आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों की सेवा करते रहेंगे। शिविर में डॉ. आयुष वतन शर्मा, डॉ रितिका पारख, डॉ चंचल रानी जंघेल ने सेवा दी। इस दौरान सरपंच भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, मंडल भाजपा अध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री टीकम पटेल, अमरोतन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



## कुंड में स्नान कर श्रद्धालुओं ने किया देवी दर्शन, तीन दिन तक उमड़े रहे श्रद्धालु

# नर्मदा मेला महोत्सव में दिखा आस्था और कला का संगम

## पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने का होगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से नर्मदा में आयोजित तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का रविवार को समापन हुआ। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी वहीं कला का प्रदर्शन देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी का दर्शन एवं पुन्नी स्नान कर अपनी आस्था प्रकट किया साथ ही ऐतिहासिक मेला का आनंद लिया।

महोत्सव का समापन रविवार को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, आनंद सिन्हा, प्रकाश जंघेल, राजेश मेहता, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, आनंद पटेल, जनपद सभापति डोमारसिंह भेड़िया, अंजु जंघेल, रवि भवनानी, बालकिशन जंघेल, दीना जंघेल, अनुज साहू, कांशीराम पोर्ते, खेलन वर्मा, किशन सेन, वीरेन्द्र, सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, समिति के अध्यक्ष बिसाहूराम सिन्हा, डोगेन्द्र सोरी शामिल हुए। आयोजक समिति ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया। समिति के अध्यक्ष बिसाहू सिन्हा ने नर्मदा स्थल का परिचय देते हुऐ अपनी मांग रखा। इस मौके पर श्री शर्मा ने नर्मदा के इतिहास और उद्गम पर प्रकाश डालते हुए यहां पुरात्तव विभाग से सर्वे कराकर धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित करवाने का आश्वासन दिया है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने नर्मदा मंदिर एवं महोत्सव के स्तर को ऊंचा उठाने की बात कही। खम्हन ताम्रकार ने प्राचीन समय से चले आ रहे नर्मदा मेला एवं माता रानी के स्थल के महत्व को रखा।



**लोगों ने जताया आस्था**

प्राचीन पुन्नी मेला में हजारों लोगों ने नर्मदा कुंड में स्नान तथा नर्मदा मैय्या की पूजा अर्चना किया। मंदिर में माता रानी का दर्शन पूजन की पर्याप्त व्यवस्था किया गया था। श्रद्धालुओ ने मां नर्मदा के अलावा संतोषी मंदिर, लोधेश्वर मंदिर, शाकम्भरी माता, कबीर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर बहुत से लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

### कलाकार हुए सम्मानित

तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव के मंच पर कलाकारों को सम्मानित किया गया। दूध मोंगरा के पचास वर्ष पूर्ण होने पर निर्देशक पीसी लाल यादव, सोनहा बादर के संचालक जितेन्द्र साहू, संग संगवारी के निर्देशक सुनील बंसोड़ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालक शिक्षक प्यारेलाल साहू को भी सम्मानित किया गया। समिति ने गरिमामय आयोजन के लिए विधायक, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर इन्द्रजीतसिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार नेहा ध्रुव सहित पुलिस, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पीएचई, शिक्षा विभाग, मंडी बोर्ड, विद्युत आदि का आभार जताया है।

### निकली भव्य चुनरी यात्रा

माघ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को स्थानीय युवाओं ने भव्य चुनरी यात्रा निकाला। यात्रा शीतला मंदिर से गाजे बाजे के साथ नर्मदा मंदिर के लिए निकली। इस अवसर पर जयकारा लगाते हुए युवक जमकर थिरके। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। यहां कुंड एवं मैय्या की पूजा अर्चना एवं महाआरती हुई। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम के दौरान संरक्षक टारकेश्वर शाह, सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहूराम सिन्हा, सीताराम यादव, डोगेन्द्र सोरी, प्यारेलाल साहू, प्रकाश जंघेल, संतोष यदु, बोधन मेरावी, कैलाश वर्मा, अनिल वर्मा, रमेश जंघेल, गोवर्धन सिन्हा, पवन पटेल, कोमल दुबे, चंदनलाल दसरिया, वीपी कोसरिया, चन्द्रभान वैष्णव, गुलशन जंघेल, हेमिन जंघेल, पुनिता छदैहा, सुमित्रा साहू, यशोदा निषाद, सानिया बेगम, अफरोजा बेगम, सुषमा निषाद, जमुना टंडन, खेमिन जंघेल, लता जंघेल, राहुल जंघेल, भैरव साहू, गौतम कुंजाम, रूपसिंह पटेल, युवराज यादव, अरविंद जंघेल, गयाराम जंघेल, बिजल यादव, गजानंद, ऋषभ सिन्हा, तारण निषाद, रजऊ निषाद, तुकेराम, अनुज, अग्रहित, दीनूराम, संतोष, परसुराम, शिव, रूपलाल, गंगाराम, अनुज, सुंदर, अमर, दिनेश जंघेल, पितेश कुमार, उमेश जंघेल, पुरूषोत्तम पटेल आदि मौजूद थे।

## बौद्ध सम्मेलन 6 को, शामिल होंगे विदेश के बौद्ध धम्म गुरू

**डोंगरगढ़।** प्रज्ञागिरी में 33 वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में आगामी छह फरवरी को रखा गया है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विदेशी बौद्ध धम्म गुरु शामिल होने वाले हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बौद्ध अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रज्ञागिरी तीर्थ क्षेत्र में निर्माण कार्य तेज होने से पर्यटकों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। कार्यक्रमे में जापान, थाईलैंड, ताइवान, नेपाल, लॉओस, ब्रह्मा सहित अन्य देशों के धर्मगुरु आने वाले हैं जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ भिक्षु शोशीन ओकाजाकी, शुनदई होंडा, क्योंओ कोंदो, रिव्यूको ओनो, गायु नाकासाकी, इको नागासाकी, टैसैई अगाता, रियुकेई साईकी, सुनचोहो जुग, कोकुमयो अगाता, ससानई, वरटा, कोविंदा, सिहा,फरा फत्थराफोन टियाटाइसॉन्ग, थमरोंगसिल्पा पोथिसोंग, जेट्टाफट श्रीबूनमासाकुल, सुरचाई टैम्पोर्न, पीरापोल चंथेप, पेंग्कोटकेओ, वोंगविलायथोंग सहित अन्य शामिल है।



## 10 ने शराब छोड़ने का लिया संकल्प



**डोंगरगढ़।** ग्राम बुढ़ानछापर में नशा मुक्ति अभियान के तहत महिला पुरुषों और युवाओं ने बैठक का आयोजन कर नशा मुक्त गांव बनाने पर चर्चा की। बैठक के दौरान शराब सेवन करने आदी 10 लोगों ने जीवन भर शराब नहीं पीने का संकल्प लिया। दिन में शराब पीकर बेवजह घुमने पर रोक लगाया गया। बैठक में थनवार मंडावी, दुर्गेश साहु, अरुण कंवर, रोहितलाल गंगासागर, आशाराम सिन्हा, सोनउराम कंवर, गनेशुराम सिन्हा, दीनाराम मंडावी, ओमप्रकाश सिन्हा, रेखा नोहर सिन्हा सहित करीब 300 ग्रामीण शामिल हुए।

# सरकारी नाले पर अतिक्रमण पालिका प्रशासन ने साधा मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नाले पर खुलेआम अतिक्रमण करने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड 2 स्थित पाइप फैक्ट्री के संचालक ने नाले और सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। हैरानी की बात यह है कि इतना सब होने के बाद भी पालिका के अधिकारी मौन हैं। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे वार्डवासियों में भारी नाराजगी है। नाले पर अतिक्रमण होने से लोगों की चिंता बढ़ रही है। वार्डवासियों के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र से आने वाला पानी नाले में जाता है। नाले से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मानसून के दिनों में पानी दंतेश्वरी पारा के निचले हिस्सों में फैल सकता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका है। इस वार्ड में दर्जनों परिवारों के घर मिट्टी के हैं जो पानी भरने से प्रभावित हो सकते है।



**पार्षद की अनदेखी**

पार्षद देवेंद्र साखरे ने बताया कि नाले पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पहले भी नगर पालिका में की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते न तो अतिक्रमण रोका गया और न ही कार्रवाई की गई। अतिक्रमण बेरोकटोक जारी है।

## प्रस्तुति देखकर अतिथियों ने बच्चों को दी शाबासी

# 136 साल पुराने स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- लोगों को देखने मिला पारंपरिक घुमर और गिद्दा नृत्य

स्थानीय प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम शाला में गत दिनों वार्षिक उत्सव कलरव 2026 का रंगारंग आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने की। विशेष अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष सद्दाम खत्री, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, निर्मला मालेकर, पदमिनी ठाकुर, गायत्री यादव, प्रेम गोस्वामी, गुलशन हिरवानी उपस्थित थे।

समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राथमिक विभाग के छात्रों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति किया। प्रधान पाठक विजय जैन ने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं है, बल्कि मेरी पहचान, मेरे संस्कार और मेरे जीवन की नींव है। यही वह स्कूल है, जहाँ मैं साधारण विद्यार्थी था और अब प्रधानाध्यापक बनकर खड़ा हूँ। मुख्य अतिथि श्री गांधी ने कहा कि यह स्कूल लगभग 136 वर्ष से संचालित है। इस संस्था के विद्यार्थी विभिन्न पदों पर सेवाएं देकर रिटायर हो गए है। कुछ अभी सेवा दे रहे हैं। इस मौके पर श्रीमती त्रिपाठी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्री गुप्ता, पार्षद सद्दाम खत्री, श्री गोस्वामी ने संबोधित किया।



**छात्रों का सम्मान**

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री गांधी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु टॉपर छात्रों को प्रतीक चिन्ह दिया गया। इसी क्रम छात्र - छात्राओं को सुरक्षित लाने ले जाने वाले वाहन चालकों, रसोईया, स्वीपर को भी सम्मानित किया गया। संचालन गजेन्द्र हरिहारनो ने किया। पूर्व प्रधान पाठक पवन ठाकुर का भी सम्मान किया गया।


**विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

इस दौरान छात्राओं ने राजस्थान का घुमर, पंजाब का गिद्दा, छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुतिकरण दिया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्र -छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों का मन जीत लिया।

**बाल मेला का आयोजन**

कार्यक्रम के तहत छात्रों, पालकों एवं समाजसेवी संस्थाओं ने व्यंजनों और मजेदार खेलों के लगभग 15 स्टॉल लगाए थे। कुछ छात्रों ने पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। अंत में शिक्षिका लता नेताम ने आभार व्यक्त किया।

## राम के आदर्शों को करें आत्मसातः भाटिया



**छुरिया।** राजाटोला, खुर्शीटिकुल, तुमड़ीलेवा, चिखली, सोनसायटोला, मांगाटोला में गत दिनों मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगजीत सिंह भाटिया थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पुनऊ राम फुलकौरे ने की। कार्यक्रम में छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, पूर्व मंत्री गोवर्धन नेताम, रविंद्र वैष्णव, हीरेन्द्र साहू, भारती देवांगन, नेहा मंडलोई, तिलकी मानकर शामिल हुए। इस मौके पर श्री भाटिया ने कहा कि रामायण पढ़ लेना ही पर्याप्त नहीं है। राम के आदर्शों पर भी हमें चलना होगा तभी जीवन की सार्थकता है। इस मौके पर गयादास साहू, कुंदन साहू, गुलाबबाई, गोपाल साहू, मंतूराम वामन, यमन साहू, दुष्यंत साहू, मोरध्वज देवांगन, दुर्गा दखने, हुकुम साहू, चंदन दखने, दयाल चंद्रवंशी, मधुराम साहू, तीजनबाई मानिकपुरी, गुलाब दास साहू, मोहन भारद्वाज, आनंद साहू, रिंकूराम साहू, प्रहलाद साहू, रविंद्र साहू, लिलेश्वर साहू, अश्वनी साहू आदि उपस्थित थे।

### छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सोमवार को उद्यमिता एवं रोजगार विकास प्रकोष्ठ अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में नई सोच महिला उत्थान समिति राजनांदगांव ने छात्राओं को साबुन, निरमा, बर्तन धोने का लिक्विड, हार्पिक, अगरबत्ती आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक सरोज वर्मा, सावित्री, पूरन साहू थे। उन्होंने छात्र छात्राओं को रोजगार के नवीन साधन और नई सोच के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी आवश्यक है।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोर्चा जिला अध्यक्ष का स्वागत



**छुईखदान।** भाजयुमो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के प्रथम छुईखदान आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त किया तथा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं संगठन के प्रति नई ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर ज्ञान यादव, ऋषिसिंह, आलोक भैया, शैलेश जैन, महावीर जैन, नवीन चंद्राकर, कमलेश साहू, पप्पू चंद्राकर, दादू चंद्राकर, अशोक साहू, सुरेन्द्र तिवारी, नवीन यादव, शुभम विश्वास, सुमित जैन, अजेन वर्मा, नमन सिंह, आदित्य वैष्णव सहित अन्य मौजूद थे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते संगठन को और अधिक मजबूत करने कार्य करने का आह्वान किया।

### अमित बने मंडी में विधायक प्रतिनिधि



**गंडई पंडरिया।** विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने क्षेत्र के युवा नेता अमित टंडन पर भरोसा जताते हुए उन्हें कृषि उपज मंडी गंडई में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक श्रीमती वर्मा द्वारा जारी पत्र के अनुसार अमित टंडन अब मंडी समिति के शासकीय कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। विधायक की अनुपस्थिति में वह महत्वपूर्ण बैठकों में उपस्थित होकर बात और प्रस्ताव रखेंगे। गौरतलब है कि अमित टंडन वर्तमान में विधायक प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संगठन और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए विधायक ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के किसानों और मंडी से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। उन्हे ब्लाक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, पूर्व नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद दिलीप ओगरे, दिलेश साहू सहित अन्य ने बधाई दी है।

### मानस सम्मेलन छह और सात को

**डोंगरगढ़।** ग्राम अछोली में आगामी 7 एवं 8 फरवरी को मानस प्रचार प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगामी 7 फरवरी को प्रातः 7 बजे स्थापना पूजा, 8 बजे मातृ पितृ पूजन, 10 मानस गान का शुभारंभ एवं संध्या 7 बजे महा आरती होगी। महोत्सव में विभिन्न जिलों की 16 मानस मंडली शामिल होगी। आयोजक श्री शारदा मानस मंडली के सदस्यों ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### कार्यकर्ताओं ने देखा बजट प्रसारण

**डोंगरगांव।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9 वीं बार बजट पेश किया। मंडल भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बजट का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मनोज हेमनानी, वैभव माहेश्वरी, पवन जैन, दीना पटेल, हेमंत चोपड़ा, सतीश पाण्डेय, अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम साहू, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मीनारायण सेन, पदमिनी ठाकुर, निर्मला मालेकर, गायत्री यादव, लीला मंडलोई, दुर्गेश रामटेके, योगेश पटेल, महेश्वर साहू, भेषबाई साहू, ममता ऊईके, महेश्वरी गंजीर, दयानंद सेन, कुलदीप ठाकुर, टीलेन्द्र देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बजटका लाईव प्रसारण देखा। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, महेन्द्र अग्रवाल, कुलवंत कक्कड, सुनील जैन चीकू, रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, अचलासिंग, अमित जैन, सत्यप्रकाश मिश्रा, जस्मित बन्नोआना, पप्पू नामदेव, डीएकेश राव, प्रकाश यादव, विनित यादव, अकाश राजपुत, उपेन्द्र इंदुलकर, हरिश मोटघरे, सुमित मिश्रा आदि मौजूद थे।



### जस झांकी स्पर्धा में विधायक हुई शामिल



**डोंगरगढ़।** भंडारपुर में आयोजित जस झांकी महोत्सव में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई।

### खपरीकला में 7 को मड़ई मेला

**राजनांदगांव।** ग्राम खपरीकला (रेंगाकठेरा) में आगामी 7 फरवरी को परंपरागत मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी को दिन में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें गोपाल-बलराम नाच पार्टी ग्राम निपानी (बालोद) द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दुलेश्वर साहू ने बताया कि मंडई मेला ग्राम की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण आयोजन है। जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन को लेकर ग्राम में तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### बाइक में शराब ले जाते पकड़ाया, 40 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 01 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरीटोला का पवन ठाकुर कच्ची शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब एकत्र कर अवैध बिक्री हेतु अपनी मोटर साइकिल में शराब ले जा रहा है। सूचना पर लेडिजॉब पुलिया के पास रेड कार्रवाई की गई। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी पवन ठाकुर 24 वर्ष भरीटोला से 30 नग शोले मसाला शराब कीमती 3,000 एवं 10 नग शोले प्लेन शराब कीमत 800 रुपए एवं बाइक जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### निधन



**जीवन बंजारे**

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक सरोजनी बंजारे के पति जीवन बंजारे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बरबसपुर के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सतनामी समाज, भाजपा कार्यकर्ता सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

## कामप्लेक्स निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रक्रिया करने के दिए निर्देश

# रेलवे स्टेशन रोड का होगा सौंदर्यीकरण

## महापौर ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर विकास की कड़ी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्यों के निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने आज नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल के साथ महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए प्रक्रिया करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे को दिए। महावीर चौक के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव मंदिर समिति से चर्चा कर भवन निर्माण प्रगति की जानकारी लेकर उप अभियंता तिलक राज ध्रुव से कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत भवन के निर्माण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग के नजदीक होने के कारण भवन को साउंडप्रुफ बनाने फालसिलिंग कर एकास्टिक पेनल का उपयोग किया जाए एवं आवश्यकतानुसार विद्युतीकरण करने के निर्देश दिए।



### स्वागत द्वार का होगा मरम्मत

इसी प्रकार रेलवे स्टेशन रोड निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पास काम्पलेक्स निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर ड्राईंग डिजाईन देख निर्माण हेतु जल्द प्रक्रिया करने महापौर ने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देकर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने कहा। उन्होंने कहा कि स्टेशन के पास निर्मित स्वागत द्वार पुराना होने के कारण जर्जर हो रहा है। जिसका मरम्मत किया जाना है। इसी प्रकार डिवाईडर का भी मरम्मत कर सौंदर्यीकरण करना है। इसके लिए तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वागत द्वार में मार्बल, डिवाईडर में विद्युतीकरण आदि के लिए प्रस्ताव तैयार कर सौंदर्यीकरण कार्य जल्द चालू करें तथा स्टेशन रोड में डामरीकरण कराएं। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू, उप अभियंता मुनेन्द्र साठिया एवं तिलकराज ध्रुव सहित निगम का अमला उपस्थित था।

### दिग्विजय क्लब में महापौर ने किया भूमिपूजन

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 14 दिग्विजय क्लब में 9.90 लाख रुपए की लागत से एप्रोच रोड एवं नाली निर्माण के लिए क्लब में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, क्लब के अध्यक्ष किशोर बेलावाला तथा क्लब के पदाधिकारियों एवं निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के पश्चात वार्डों में विकास कार्य कराने शासन ने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डों में मूलभूत सुविधा रोड-नाली के अलावा सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान का निर्माण वार्डों में आवश्यकतानुसार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिग्विजय क्लब में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से एप्रोच रोड तथा नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, ताकि क्लब वालों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दिग्विजय क्लब बहुत पुरानी संस्था है, जहां विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है। गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्लब में निर्मित काम्प्लेक्स एवं बेडमिंटन कोड का लोकार्पण किया था। दिग्विजय क्लब वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में इसी प्रकार उतरोत्तर प्रगति करें, ऐसी मैं कामना करता हूं। दिग्विजय क्लब में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव सहित क्लब के वरिष्ठ सुरेश एच.लाल, श्रीकिशन खंडेलवाल, मनोज चितलांगिया, अजय सिंह, डॉ. उत्तम चावडा, अंजुम अल्वी, आनंद वर्गीस, उमाकांत भारतद्वाज, त्रिगुण टांक आदि उपस्थित थे।

## आश्रम में भक्ति के साथ जनसेवा भी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

दर्री स्थित ब्रह्मचारी आश्रम इन दिनों भक्ति और जनसेवा का संगम बना हुआ है। महोत्सव के दौरान सुरभि पंचगव्य चिकित्सा एवं परामर्श केंद्र मोहड़ ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। आयोजन के दौरान श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने आश्रम पहुंचकर मानस कथा का श्रवण किया।

स्वास्थ्य शिविर में गव्यसिद्ध उपेंद्र साहू ने लोगों को विभिन्न बीमारियों का परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गाय के पंच तत्वों के माध्यम से गंभीर और असाध्य रोगों का प्रभावी उपचार संभव है। शिविर में बीपी, शुगर और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं की जांच कर दवाइ उपलब्ध कराई गईं।

### प्रस्तुतियों ने मोहा मन

आयोजन के दौरान मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा ने रंगारंग प्रस्तुति दी। मानस गान और भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, विजय जैन आदि ने मंदिर यज्ञ स्थल आदि के दर्शन किया।

## उद्योग और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विक्रांत चंद्राकर ने इसे भारत के भविष्य की ठोस रूपरेखा बताया है। उनके अनुसार यह बजट केवल एक वर्ष का आर्थिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि उस भारत की तैयारी है जो आने वाले समय में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेल और ऊर्जा क्षेत्रों पर दिए गए विशेष जोर से देश के भीतर उत्पादन बढ़ेगा और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। इसका सीधा असर रोजगार सृजन, आय में वृद्धि और जीवन स्तर में सुधार के रूप में दिखाई देगा। यह कदम भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## कुकुरमुड़ा में पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित

**सड़क अतरिया।** आयुष जिला चिकित्सा अधिकारी सुनील बंजारे एवं शिविर प्रभारी डां. नरोत्तम नेताम, लीला राम साहू के दिशा निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सड़क अतरिया के तत्वावधान ग्राम कुकुरमुड़ा में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण युवा, महिला एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक उमेश जंघेल ने विभिन्न आसन, मुद्रा, प्राणायाम करने के तरीके एवं इससे शरीर को होने वाले लाभ को बताया। शिविर का समापन शनिवार को सरपंच संतोष यदु, पंच राजकुमार, महेन्द्र की उपस्थिति में हुआ। समापन समारोह में हितग्राहियों को काढ़ा एवं अंकुरित चने का वितरण किया गया। इसी क्रम में रविवार को गुमानपुरा में भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर पांच दिवसीय योग शिविर प्रारंभ किया गया है।



## नि:शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक में विशेषज्ञ देंगे मुफ्त परामर्श, 3 बजे से होगा शिविर का शुभारंभ

शहर के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कल 3 फरवरी को आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक में निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दोपहर 3 से 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें मरीज बिना किसी शुल्क के अपनी हड्डियों से संबंधित समस्याओं की जांच करवा सकेंगे। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर उपस्थित रहेंगे और मरीजों को हड्डी दर्द, जोड़ों के दर्द, घुटनों की समस्या, कमर दर्द, गठिया एवं अन्य हड्डी रोगों के संबंध में निःशुल्क परामर्श प्रदान करेंगे। आयोजकों के अनुसार, बढ़ती उम्र, गलत जीवनशैली और पोषण की कमी के कारण हड्डी संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में यह शिविर आम लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। यह निःशुल्क जांच शिविर आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है।



## रानी सूर्यमुखी देवी नाम देकर रियासत का किया सम्मान

- श्री वैष्णव महासभा और पुजारी संघ ने किया पत्रकारों के निर्णय का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव मार्ग पर 10 एकड़ क्षेत्रफल में प्रदेश के सबसे विकसित और व्यवस्थित पत्रकार आवासीय परिसर का नाम रानी सूर्यमुखी देवी के नाम पर रखकर पत्रकारों ने न केवल रानी का, बल्कि पूरी रियासत का सम्मान किया है। इस निर्णय से यहां की रियासत के सम्मान को बनाए रखने की अच्छी परंपरा की शुरूआत हुई है। श्री वैष्णव महासभा और अखिल भारतीय पुजारी संघ ने इसका स्वागत करते पत्रकारों की सरलता, सहजता और विश्वसनीयता की प्रशंसा करते फैसले के लिए बधाई भी दी है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा इकाई) मनोज निर्वाणी ने प्रदेश में आदर्श बन चुकी पत्रकार कालोनी का नाम रानी सूर्यमुखी देवी के नाम पर रखने के फैसले का स्वागत करते कहा कि यह एक सराहनीय कदम है, जो पत्रकार जगत की गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। रानी सूर्यमुखी देवी का राजनांदगांव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान था और उनका नाम इस कालोनी के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि रियासत क्षेत्र में राजाओं की कई संपत्तियां हैं। जिसका अलग-अलग वर्ग के लिए अपने हिसाब से उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन पत्रकारों ने अपनी कालोनी को रानी के नाम से जोड़कर रानी का सम्मान दोगुना कर दिया है।



### यह कदम प्रेरणा का बनेगा श्रोत

अपने बयान में श्री निर्वाणी ने उम्मीद जताई कि यह कदम आने वाले समय में भी पत्रकार जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उन्होंने पत्रकार बंधुओं को इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही देवकुमार निर्वाणी, भोलादास वैष्णव, ताऊराम साहू, चुमनलाल साहू, आकाश शर्मा, ओंकार खंडेलवाल, डोमेश्वरी, सतीश तिवारी, अनिल नागवंशी, आशा वैष्णव, डोंगरगढ़ रूपमती निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, आरणा यादव, नेहा यादव, सरस्वती यादव, प्रकाश अखिलेश, शकुंतला परिहार, सरिता दास और अनीता ठाकुर, रोशन दास हनुमान मंदिर मानव मंदिर चौक, तुषार मिश्रा, डोमन दास, सतीश तिवारी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, दिलीप कुमार वैष्णव, विवेक त्रिपाठी, अभिषेक चौबे, चंदन शर्मा, राकेश वैष्णव, शेखर दुबे, देवेंद्र शुक्ला, वैभव निर्वाणी, ब्यास नारायण वैष्णव, मुकेश वैष्णव, तारक निर्मोही, दिनेश पाठक, तुषार मिश्रा, डोमन दास वैष्णव ने भी शुभकामनाएं दी।

## जानकारी देकर योजना का लाभ लेने की अपील

# कन्या शाला में स्पर्धा, सौर ऊर्जा को लेकर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सीएसपीडीसीएल संभाग द्वारा शासकीय कन्या उमाशा सेजेस 2 में ऊर्जा बचत की दिशा मे जनजागरुकता लाने चित्रकला, स्लोगन और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यपालन अभियंता सचिन उत्तरवार ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना को लेकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी और इसके लाभ को लेकर बताया कि इससे हम बिजली को लेकर आत्मनिर्भर हो जाएंगे। कृषक जीवन ज्योति योजना के कहा कि इसमे सीमांत व लघु कृषकों को पंप चलाने मे बिजली कंपनी पर निर्भर नही हो ना पड़ेगा। सौर उर्जा का उपयोग करने के बाद अतिरिक्त उत्पादित बिजली कंपनी को बेचकर आर्थिक लाभ भी अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने शाला के बच्चों को परिवार के लोगों का इसकी जानकारी देकर योजना का लाभ उठाने प्रेरित करने कहा।

### उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने ऊर्जा संरक्षण को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि बिजली ककी बचत हम सबकी जिम्मेदारी है। स्पर्धा में शाला के 100 से ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचारों को रंगो से और शब्दों से व्यक्त किया। स्पर्धा में पहले से तीसरे स्थान पर आए बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया जबकि निर्धारित यूनिट खपत करने वाले एकलबत्ती कनेक्शन धारी और नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को भी कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया। इस दौरान एई उत्तम साहू, एई मदालसा विश्वकर्मा, जेई सतीश साहू, जेई अमन कुमार, संतोषी ठाकुर, भावेश देवांगन, रोशन वर्मा, प्रवीण नामदेव, शाल स्टाफ के कुणाल टंडन, अखिलेश श्रीवास्तव, विनीता सिंह, गिरिवर कोसरे, खूम वर्मा, गुंजन सिंह, नीलू सिंह, प्रांजल सिन्हा, सिमरन कौर, मेघा उपाध्याय, संगीता ठाकुर, सत्यप्रकाश राठौर, मनोज पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### नशा मुक्ति का लिया संकल्प

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पंचायत एवं समाज कल्याण और पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने नशे के कारण मानव जीवन में कलह पैदा, समाज में प्रतिष्ठा घटने, शारीरिक व्याधि, परिवार के अन्य सदस्यों विशेष कर बच्चों पर मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभाव की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए जन जागरूकता लाने का आव्हान किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपने परिवार, आस पास के लोगों को किसी भी प्रकार का नशा सेवन नही करने और जागरूक करने कहा। इस दौरान कुणाल टंडन, अखिलेश श्रीवास्तव, विनीता सिंह, गिरिवर कोसरे, खूम वर्मा, गुंजन सिंह, नीलू सिंह, प्रांजल सिन्हा, सिमरन कौर, मेघा उपाध्याय, संगीता ठाकुर, सत्यप्रकाश राठौर, मनोज पटेल, निलय दास, सोनिया मसीह, प्रज्ञा कामड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




- बड़ी संख्या में आभूषण विक्रेता की रही मौजूदगी

**खैरागढ़।** आभूषण विक्रेताओं को बीआईएस मानकों, हॉलमार्किंग और लाइसेंसिंग प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के अलावा उपभोक्ताओं को मानक अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा कार्यालय ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक-ई/निदेशक व प्रमुख सुमन कुमार गुप्ता ने की और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मानकों की समझ विकसित करने में जागरूकता कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दीपक कुमार साहू, वैज्ञानिक-बी/सहायक निदेशक द्वारा बीआईएस हॉलमार्किंग योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने सोने एवं चांदी की मिश्र धातुओं के प्रकार, आभूषणों एवं कलाकृतियों की शुद्धता तथा ग्रेड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार, ब्रांच हॉलमार्किंग रिप्रेजेंटेटिव ने बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में संजय बरडिया जिला अध्यक्ष, जय डाकलिया अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन, अशोक जैन, मुकेश मुणोत सहित 35 से अधिक आभूषण विक्रेता उपस्थित थे।

## सार समाचार

### निःशुल्क परामर्श कैम्प आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में सोमवार को एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली, जब यश पारख ने अपने जन्मदिन के अवसर पर निःशुल्क परामर्श कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प में



क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श का लाभ उठाया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी सलाह दी गई। कैम्प में चिकित्सा के साथ-साथ अन्य आवश्यक जीवनशैली सुधार पर भी चर्चा की गई, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

### युगांतर ने शहीदों को दी मौन श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने



वाले शहीदों का स्मरण करते भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों व बच्चों ने सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि हमें गांधीजी के आदर्शों तथा सिद्धान्तों पर अमल करते उनके जीवन-मूल्य जरूर अपनाना चाहिए। उन्होंने देश के लिए शहादत देने वाले शहीदों को याद किया। उन्होंने बताया कि देश शहीदों के बलिदान को कभी भी नहीं भूलेगा और शहीदों के पद चिन्हों पर चलकर देश की सेवा करेगा। उन्होंने सैनिकों के बलिदान का पुनः स्मरण किया।

### स्वदेशी जनजागरण सामयिक आवश्यकता - द्विवेदी

**राजनांदगांव।** स्वदेशी जनजागरण हरती की आदर्श समृद्धि की मूल अवधारणा रहा है, जैसे विशिष्ट सम सामयिक विषय पर विचार विमर्श



करते डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि अखिल विश्व में सिद्धि-प्रसिद्धी एवं समृद्धि की मानक पहचान रहे हमारा देश भारत सदा सर्वदा से स्वदेशी खेती-किसानी, उद्योग- उद्यम, कर्म-कार्य, भोजन-वसन, ज्ञान-विज्ञान तथा शिक्षा-शिक्षण एवं खेल-मनरंजन आदि के लिए पहचाना जाता रहा है। वर्तमान समय में संसार की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका हमारा राष्ट्र तेजी से विकसित और समृद्धशीलता के नव आयाम खड़े कर रहा है।

### स्वदेशी मेला में हकीम का सम्मान

**राजनांदगांव।** स्टेट स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में 22 से 28 जनवरी तक आयोजित स्वदेशी मेला में इस वर्ष स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता दी गई।




मेले को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने किए गए प्रयासों के तहत स्वच्छता प्रहरी के रूप में उल्लेखनीय योगदान देने पर राजनांदगांव दक्षिण मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य हकीम खान को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने उन्हें सम्मानित करते स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की अपील की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज को स्वच्छ और स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं। महापौर मधुसूदन यादव व एबीस ग्रुप के चेयरमैन बहादुर अली भी मंच पर उपस्थित थे।

### 80 से अधिक रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** शिव शक्ति धर्मार्थ सार्वजनिक सेवा समिति दीनदयाल चिखली एवं अखिल भारतीय हिंदू महासभा (भारत) के तत्वावधान में 01 फरवरी को वीर शहीदों के नाम एक महारक्तदान शिविर का आयोजन



किया गया। यह शिविर शिव शक्ति मंदिर परिसर पं. दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी चिखली राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नीरज ए. पांडे, अंजनी शर्मा, खरानंद मिश्रा, धीरज शर्मा सहित अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महापौर मधुसूदन यादव, पार्षद शिव वर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, चिखली पुलिस चौकी प्रभारी मनोहर मरई, सोमनी टीआई अरुण नामदेव सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं बल मौजूद रहा। इसके अलावा संजीवनी हॉस्पिटल संचालक डॉ. राघव वर्मा, पूर्व सरपंच राजेश्वरी साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, समाजसेवी ललित नायडू व देवेश वैष्णव, पूर्व जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, महेश्वर साहू, ललित नायडू, देवेश वैष्णव, भुनेश्वरी साहू, देवाशीष झा, सन्नी वर्मा, लोकेश रजक, राजेंद्र राजपूत समेत अन्य लोग शामिल थे। वहीं सुरक्षा को ध्यान में रखते निःशुल्क हेलमेट वितरण भी किया गया। रक्तवीरों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### ट्विंकल ने तीरंदाजी में जीता रजत पदक

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा



ट्विंकल ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। 31 जनवरी 2026 को आयोजित एक दिवसीय ओपन सिटी एनटीपीसी खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता में ट्विंकल ने 10 मीटर इंडियन राउंड (गर्ल्स कैटेगरी) में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता पूर्णतः ओपन सिटी स्तर की थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के 10 विभिन्न शहरों से आए 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच ट्विंकल ने सटीक निशानेबाजी और आत्मविश्वास का परिचय देते यह उपलब्धि हासिल की। प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय में संचालित निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सकारात्मक दिशा को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक खेल संसाधनों और प्रशिक्षित कोचों के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से 2 करोड़ 8 लाख रुपए की स्वीकृति

## राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामों में 45 कार्यों के लिए कार्यादेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार अपनी विधानसभा के विकास कार्यों के लिए सतत प्रयास करते रहते हैं और लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने में लगे रहते हैं। इसी कड़ी में आज डॉ. रमन सिंह ने अपने विधानसभा के 45 कार्यों हेतु 2 करोड़ 8 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करवाई ।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 25-26 में भाग संख्या 80 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के लिए राशि में से प्रवधानित राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। इस हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अध्यक्ष





छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर अमल करते हुए 2 करोड़ आठ लाख दस हजार रुपए की स्वीकृति प्राधिकरण के अनुमोदन की प्रत्याशा में दी गई है, जिसके अनुसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के निम्न कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

किचन शेड प्राथमिक शाला भवन ग्राम बम्हनी हेतु 5 लाख रुपए, नाली निर्माण शीतला मंदिर से नया तालाब ग्राम धनगांव हेतु 6 लाख, नाली निर्माण वार्ड नंबर 3 एवं 7 ग्राम बरगा चार लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण जीई रोड से तालाब तक भानपुरी 5.20 लाख, सीसी रोड निर्माण जीई रोड से जसपाल घर तक ग्राम धर्मपुर 5.20 लाख, निर्मला घाट निर्माण शीतला तालाब पार ग्राम भोथीपारखुर्द 5.20 लाख, नाली निर्माण शीतला मंदिर स्कूल के पास कोपेडीह 4 लाख, सांस्कृतिक मंच निर्माण शीतलापारा ग्राम धामनसरा 2.50 लाख, निर्मला घाट निर्माण रपटा तालाब पनेका 5 लाख, निर्मला घाट निर्माण राजगामी तालाब में बाकल 5.20 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला के पास ग्राम रीवागहन 5 लाख, पेपर ब्लॉक प्राथ स्वास्थ्य केंद्र सुकुलदैहान 3 लाख, बोर खनन हनुमान मंदिर के पास भानपुरी 1. 6 लाख, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य मुख्य सड़क मार्ग में महाराजपुर 5 लाख, नाली निर्माण कार्य आबादी पर से हरदी नाला तक भंवरमरा 4 लाख, निर्मला घाट निर्माणकार्य छोटा तालाब में सुंदरा 5 लाख, निर्मला घाट निर्माण नया तालाब में पारीकला 5 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से डालू घर तक 5.20 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य गोपाल साहू घर से शमशान घाट तक रानीतराई 5.20 लाख, कंक्रीटीकरण निर्माण कार्य कोथा में बोरी 5.20 लाख, नाली निर्माण कार्य चमारराय वर्मा घर से हालर चौक तक डिलापहरी 6 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक ग्राम बरगाही 5.20 लाख, नाली निर्माण कार्य वार्ड नंबर 1 ग्राम लिटिया 5 लाख, मंच निर्माण कैलाश नगर जंगलेश्वर 3 लाख, कंक्रीटीकरण निर्माण कार्य वार्ड नंबर 15 से 13 तक रवेली 5.20 लाख, पेपर ब्लॉक निर्माण मिडिल स्कूल में खैरा 7 लाख, यात्री प्रतीक्षालय सार्वजनिक मंच के पास मनकी 5 लाख, सीसी रोड निर्माण वार्ड 6 कुशल साहू घर से शिवभवानी घर तक टेडेसरा 5.20 लाख, निर्मला घाट निर्माण नया तालाब में मौहाभांठा 2. 6 लाख, निर्मला घाट निर्माण डबरी तालाब में ग्राम इंदावनी 5.20 लाख, मंच निर्माण वार्ड नंबर 17 सूखा तालाब के पास अंजोरा 5 लाख, निर्मला घाट निर्माण माता तालाब में धीरी 2. 6 लाख, सीसी रोड निर्माण बांदा तालाब से शमशान घाट तक मगरलोटा 5.20 लाख, शौचालय निर्माण माध्यमिक शाला में बैगाटोला 3 लाख, सीसी रोड निर्माण हनुमान मंदिर से नानक सिंह के खेत तक बिरेझर 2. 6 लाख, सीसी रोड निर्माण मिडिल स्कूल से शीतला मंदिर तक ईरा 5.20 लाख, सीसी रोड निर्माण वार्ड नंबर 6 फुलझर 5.20 लाख, निर्मला घाट निर्माण तालाब खुटेरी 5.20 लाख, निर्मला घाट निर्माण शीतला तालाब मुड़पार 5.20 लाख, मैदान कंक्रीटीकरण कर्मा भवन के पास मोखला 5.20 लाख, सीसी रोड निर्माण वार्ड नंबर 5 सुरगी 5.20 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विकास कार्यों की स्वीकृति पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, रोहित चंद्राकर, लीलाधर टांक, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सहित भाजपा नेताओं ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## 53 रिसॉर्ट्स की सघन जांच, अधिकारी जवान रहे मौजूद

# शराब सेवन, डीजे बजाने की शिकायत पर पुलिस की मनगटा में फिर दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजांदगांव

जिले के मनगटा क्षेत्र में रिसोर्ट में शराब सेवन कराने एवं डीजे बजाने की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर पुलिस टीम ने दबिश दी।


इस दौरान 53 रिसॉर्ट्स की सघन जांच की गई। मौके पर छह आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को शिकायत प्राप्त हो रही थी कि क्षेत्र के कुछ रिसॉर्ट्स में लगातार तेज डीजे बजाया जा रहा है तथा आगंतुकों को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### शिकायतों पर पुलिस का एक्शन

#### अभियान जारी रहेगा

बताया गया कि कुछ अनावेदकों द्वारा पुलिस कार्रवाई से आक्रोशित होकर शांति व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद किए जाने पर उनके विरुद्ध धारा 170/126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस के अनुसार कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त और निरंतर कार्रवाई अभियान आगे भी जारी रहेगी।



#### औचक छापेमारी से मचा हड़कंप

इस शिकायत पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम, नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह कार्रवाई की गई। नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा मनगटा क्षेत्र के रिसॉर्ट्स पर औचक छापेमारी की गई। इस दौरान 30 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा लगभग 53 रिसॉर्ट्स की सघन जांच की गई। जिससे हड़कंप मचा रहा।

#### आरोपियों पर कार्रवाई, समझाईश भी दी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान लिलिपूट रिसॉर्ट, स्काई पुल रिसॉर्ट, एण्ड विला रिसॉर्ट, किम्बा फार्म रिसॉर्ट, क्लाउड नाईट रिसॉर्ट एवं फाईब्स रिसॉर्ट (मनगटा) के संचालक, मैनेजर द्वारा अपने रिसॉर्ट परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाया गया। पुलिस ने आरोपी विजय मिश्रा 43 वर्ष केम्प-1 शास्त्री नगर, खिलेश्वर प्रसाद साहू धीरी, राकेश वैष्णव 37 वर्ष निवासी शांतिनगर चिखली, भूपेन्द्र साहू 21 वर्ष ग्राम मनगटा, नागेन्द्र साकेत 24 वर्ष तमरी जिला रीवा, बी. ललित कुमार 40 वर्ष आशीष नगर वेस्ट रिसाली भिलाई थाना नेवई पर कार्रवाई की गई। मौके पर शराब का सेवन कर रहे व्यक्तियों को समझाइश दी गई। रिसॉर्ट संचालकों व मैनेजरों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के अंतर्गत विधिवत कार्रवाई की गई।

### हाईवे में मेटाडोर पलटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में यातायात नगर के पास तेल से भरा एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक-परिचालक तो सुरक्षित हैं, लेकिन तेल से भरे पीपे बड़ी मात्रा में क्षतिग्रस्त होने की खबर है। जानकारी के अनुसार एबीस के इंदामरा प्लांट से शाम को तेल के पीपे भरकर रायपुर के लिए निकली मेटाडोर क्रमांक सीजी 08 बीबी 5155 हाईवे में यातायात नगर के पास जैसे ही पहुंची, चालक ने नियंत्रण खो दिया और मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में चालक-परिचालक तो सुरक्षित हैं, लेकिन तेल के पीपे बड़ी मात्रा में क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

### 5 को इंदामरा में मड़ई

**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में इस वर्ष भी 5 फरवरी को मंडई का आयोजन किया जा रहा है। टुमनलाल सेन ने बताया कि इस दौरान रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।

# युवक की मौत मामले में न्याय की गुहार पीड़ित परिजन पहुंचे एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते मई माह में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अपने पति की मौत के मामले में न्याय की गुहार लगाने मृतक की पत्नी और पीड़ित परिजन आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से इस मामले में जांच कार्रवाई कर न्याय दिलाने मांग की है। राजनांदगांव शहर के समीप ग्राम पनेका निवासी सूरज गजेंद्र का शव गांव में ही खेत पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। इसके बाद परिजनों ने इस मामले में हत्या का संदेह जताते हुए पुलिस से न्याय की मांग की थी, लेकिन अब तक सूरज की मौत मामले में पुलिस की कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जिसको लेकर अब परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में न्याय की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।



#### पुलिस कार्रवाई पर संदेह

मृतक की पत्नी रोशनी गजेन्द्र ने अपने ज्ञापन में कहा कि उनके पति बीते 26 मई को सुबह से रात तक अपने दोस्तों के साथ थे। 27 मई को संदिग्ध अवस्था में खेत में उनकी लाश पाई गई।जिसमें बसंतपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल में पंचनामा नहीं किया। वहीं संदिग्धों का नाम भी नहीं लिखा गया। मृतक की पत्नी ने एसपी से हत्या की जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

#### शव पर चोंट के निशान

मृतक के परिजन आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। मृतक की मां कुंती गजेंद्र ने कहा कि उनके पुत्र की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि बीते 26 मई की रात उनका पुत्र घर नहीं लौटा था, तब 27 मई की सुबह 5 बजे से उसकी तलाश की गई तो उसका शव गांव में ही खेत पर मिला। उसके सिर और कनपटी पर गंभीर चोंट के निशान थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है और ना ही जांच के संबंध में कुछ बताया जा रहा है।

# गुमनाम पत्र से प्रेस क्लब की छवि धूमिल करने की शिकायत, जांच टीम बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब आफ राजनांदगांव ने सोमवार को एसपी अंकिता शर्मा से गुमनाम पत्र के जरिये प्रेस क्लब की छवि को खराब करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी। ज्ञापन के साथ वह पत्र भी सौंपा गया जो शहर के प्रबुद्धजनों को डाक के माध्यम से भेजकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के कुछ ही समय बाद एसपी ने जांच भी गठित कर दी। बसंतपुर थाना प्रभारी न निरीक्षक एमन साहू को जांच का जिम्मा दिया गया है।

एसपी से मुलाकात करते प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मीडिया बिरादरी को बदनाम करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी तौर पर कार्रवाई करने की मांग करते कहा कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक फर्जी, बिना हस्ताक्षर एवं बिना आधिकारिक प्रमाण पत्र सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया गया है। जिसमें पत्रकारों और मीडियाकर्मियों के विरूद्ध झूठे, भ्रामक और अपमानजनक आरोप लगाए हैं। उक्त पत्र में किसी भी प्रकार का वैध प्रेषक, कार्यालय, हस्ताक्षर अथवा प्रमाण अंकित नहीं है। इसके बावजूद कई भाजपा नेताओं व अधिकारियों को भी यह पत्र पोस्ट किया गया है।



#### अपराध दर्ज करने की मांग

इंटरनेट मीडिया में भी राजनांदगांव प्रेस क्लब की छवि को खराब करने, समाज में भ्रम फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, संरक्षक जितेंद्र मिश्रा, हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने एसपी से आइपीसी की धारा 499, 500 (मानहानि), धारा 153, 505 (अफवाह फैलाना, समाज में वैमनस्यता फैलाना) आइटी एक्ट की सुसंगत धाराएं के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ-साथ विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग सदस्यों ने की। एसपी से मुलाकात करने वालों में वीरेंद्र बहादुर सिंह, बसंत शर्मा, किशोर सिल्लेदार, प्रदीप मेश्राम, दीपांकर खोब्रागढ़े, जितेंद्र सिंह, ईश्वर साहू समेत अन्य साथी शामिल थे।

# डॉक्टरों की लापरवाही से महिला की मौत पीड़ित परिजनों ने कलेक्टर से की शिकायत

**राजनांदगांव।** जिला अस्पताल में प्रसव के बाद शहर के कंचनबाग अटल आवास निवासी 27 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ने और उसकी मृत्यु के मामले में महिला के परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। मृतक के पति तुफान बासफोड़ ने कलेक्टर के नाम दिए अपने ज्ञापन में कहा कि उनकी पत्नी करूणा बासफोड को 27 जनवरी को गर्भवस्था के दौरान जिला अस्पताल में प्रसव हेतु भर्ती कराया गया था। उनके हाथ-पैर में सूजन था, चिकित्साकों ने उनको खून की कमी बताया और 3 बॉटल खून चढ़ाया गया। पहला प्रसव सीजर से हुआ था, दूसरे प्रसव को सीजर से करने हमारी सहमति के बाद भी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा उनका सीजर नहीं किया गया। खून चढ़ाने के बाद उनको प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। चिकित्सकों द्वारा 01 फरवरी को नार्मल डिलीवरी कराई गई। डिलीवरी के बाद बच्ची हुई, बच्ची पैदा होने के बाद रोई नहीं और पत्नी की स्थिति भी खराब होती गई। उसे झटके आने लगे, जोर-जोर से सांस चलने लगी, बहुत ज्यादा ब्लीडिंग भी हो रही थी, लेकिन चिकित्सकों ने सब ठीक है कहकर गुमराह किया।



#### कार्रवाई और मुआवजा की मांग

कलेक्टर से पीड़ित परिजनों ने मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। वहीं पीड़ित परिवार के साथ पहुंचे कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद ऋषि और अभिमन्यु मिश्र ने इस मामले में नवजात का निःशुल्क उपचार, जांच कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने मांग की है।

#### निजी अस्पताल में नवजात का उपचार

पीड़ित परिजनों ने कहा कि अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा पर्याप्त नहीं है। सुविधा में कमी होने के कारण उनके कहने पर बच्ची को डिलीवरी के बाद शाम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्ची को आईसीयू में रखा गया है । वहीं प्रसूता को रात 10 बजे मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में रात लगभग 12.40 बजे उसकी मृत्यु हो गई।



## खबर संक्षेप

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कुई-कुकदुर मंडल अध्यक्ष बने : बहादुर सोनी



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी की अनुशंसा से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कबीरधाम की जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा की सहमति से कुई-कुकदुर मंडल से बहादुर सोनी को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री सोनी की नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पिछड़ा वर्ग के हितों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

### मानिकचौरी में सामाजिक समरसता का संदेश व न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र मानिकचौरी में सोमवार को सामाजिक सौहार्द और पारंपरिक संस्कृति का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान पाठक प्रेम नारायण शर्मा ने अपने सुपुत्र रुद्रांश शर्मा के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्राम के विशिष्ट अतिथियों के रूप में यशवंत चंद्रवंशी, योगेश चंद्रवंशी, ज्ञानेंद्र चंद्रवंशी, नरोत्तम चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित थें। कार्यक्रम में विसर्जन राम साहू, केसलाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, एसआईआर के ईआरओ नंद कुमार शर्मा, सुपरवाइजर सुशीला मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं पालक गण उपस्थित थें। न्योता भोज के माध्यम से विद्यार्थियों में आपसी भाईचारा, सामाजिक समानता एवं संस्कारों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए बालक रुद्रांश शर्मा के स्वस्थ, सफल एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक शाला मक्के में लगा उल्लास मेला



**हरिभूमि कवर्धा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के निर्देशानुसार कवर्धा विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर उल्लास मेला का आयोजन किया गया। इस क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में असाक्षरों के लिए राष्ट्रीय पर्व के साथ साथ उल्लास मेला का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसे कराने का मुख्य उद्देश्य नवसाक्षरों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लिखने, पढ़ने, समझने तथा उनके आत्म विश्वास को बढ़ाने के साथ साथ रचनात्मक प्रयोग करके उनको आगे जीवन कौशल के साथ आगे बढ़ाना है। प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने बताया कि जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी अवधेश नन्दन श्रीवास्तव द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार उल्लास मेला में नवसाक्षरों के लिए लगभग 7 से लेकर 14 प्रकार के अवधारणाओ का स्टॉल लगाया गया, जिसमें प्रमुख रूप से रिंग बॉल फेको वर्ण पहचानो, तुम्हारा घड़ी, हमारा समय, कुर्सी दौड़, उंगली फेरो, वर्ण पहचानो जैसे अनेक प्रकार के सामग्रियों का उपयोग करके मेला का आयोजन किया गया। उल्लास मेले के आयोजन को सफल पूर्वक क्रियान्वयन करने के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा प्रत्येक 2 दिवसों में वेबिनर के माध्यम से जिला अधिकारी, ब्लॉक अधिकारियों की समीक्षा ली गई, इसी तर्ज पर संभाग वार भी जिला एवं विकासखंड के सभी अधिकारियों के साथ साथ संकुल समन्वयक की वेबिनर आहूत करके उल्लास मेला को जमीनीस्तर में उतारने का स्वरूप शालाओं के शिक्षकों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा बखूबी निभाया गया। गांव के नवसाक्षरों ने इस मेले का आनंद उठाया तथा वहां पर विभिन्न गतिविधियों में आयोजित होने वाले खेलो के माध्यम से सीखो प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिस पर प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने समस्त अधिकारियों व ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 64 आदिवासी परिवार के लोगों ने की घर वापसी, विधायक भावना बोहरा ने पैर पखारकर किया उनका अभिनंदन

- वनांचल क्षेत्र में आपातकालीन सेवा हेतु 2 बाइक एम्बुलेंस का किया शुभारम्भ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा में आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों, विकास कार्यो और जनसुविधाओं के विस्तार से प्रेरित होकर आदिवासी परिवार के 64 लोगों ने अपने मूल-धर्म में घर वापसी की। वहीं सोमवार को ग्राम दमगढ़ में आयोजित जनजातीय गौरव सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में विधायक भावना बोहरा ने उनके पैर पखारकर स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में आपातकालीन सेवा के लिए विधायक निधि से 2 बाइक एम्बुलेंस का शुभारंभ भी किया। इस बाइक एम्बुलेंस से छीरपानी एवं कुई-कुकदुर सहित आस पास के दर्जनों वनांचल, दूरस्थ एवं दुर्गम गांव को इसका लाभ मिलेगा। आपातकालीन समय मे त्वरित स्वास्थ्य सुविधा व अस्पताल तक पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे सैकड़ों परिवार को त्वरित उपचार की सुविधा मिलेगी। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विधायक के निरंतर प्रयासों से आदिवासी एवं वनवासी समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर पुनः लौट रहें हैं, जो धर्मांतरण करने वाले लोगों की मंशा पर कड़ा प्रहार है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र नेऊर के आस-पास के गांव से 115 एवं कुई-कुकदुर क्षेत्र के 70 आदिवासी नागरिकों ने घर वापसी की थी। लगातार हो रही इन पहलों से जनजातीय समाज में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं का संवाहक रहा है। प्रकृति-पूजा, लोक-देवताओं की आराधना और सामुदायिक जीवनशैली हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों को प्रलोभन देकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब जनजातीय समाज स्वयं अपनी अस्मिता और विरासत को पहचान रहा है। घर वापसी किसी पर दबाव नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्वीकार करने का स्वैच्छिक निर्णय है, जो भारतीय अस्मिता की रक्षा से जुड़ा हुआ है। उनके इस निर्णय और वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विधायक निधि से 2 बाइक एम्बुलेंस उनकी सेवा में समर्पित किया है। दुर्गम और दूरस्थ इलाकों में जहां सड़क सुविधा सीमित है, वहां बाइक एम्बुलेंस समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। आपात स्थिति में मरीजों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे समय की बचत होगी।

### शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा



विधायक ने कहा कि अपने निजी स्वार्थ और लाभ के लिए आदिवासी समाज को गुमराह कर रहें हैं यदि वास्तव में उन्हें आदिवासी समाज की चिंता होती, तो उन्हें उनके इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और जनजातीय नायकों के संघर्षो से अवगत कराया जाता, न कि भ्रमित किया जाता। नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। पीएम जनमन योजना के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों में पक्की सड़कें, आवास, बिजली, पेयजल और मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में 3000 से अधिक पीएम आवास, 100 किलोमीटर से अधिक पक्की सड़कें, बिजली आपूर्ति एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। टैंकरों के माध्यम से दूरस्थ व वनांचल क्षेत्रों तक शुद्ध पानी पहुंचाया जा रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। आदिवासी संस्कृति जल, जंगल और जमीन की रक्षा की भावना से जुड़ी है और इस अमूल्य विरासत को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है और आदिवासी समाज के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कबीरधाम जिला के खिलाड़ियों का दबदबा

# विजय शर्मा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सोमवार को 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात की। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन की जानकारी साझा की तथा प्रतियोगिता के अनुभव भी बताए। गौरतलब है कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 13 पैरा खिलाड़ियों ने कुल 32 पदक जीतकर जिले को ओवरऑल चौम्पियन बनाया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जिले में गर्व और उत्साह का वातावरण है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल पदकों की संख्या नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के संघर्ष, आत्मविश्वास और अटूट हौसले की जीत है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम के दिव्यांग खिलाड़ियों ने यह साबित किया है कि शारीरिक चुनौतियां सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं, यदि मन में दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। उन्होंने खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान कहा कि प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 13 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में कुल 32 पदक जीतकर पूरे प्रदेश में जिले का नाम गौरवान्वित किया है। पूरे आयोजन के दौरान कबीरधाम के खिलाड़ियों का दबदबा बना रहा। खिलाड़ियों ने अपने अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण और खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों के लिए उनके क्षेत्र में ही मिनी स्टेडियम बनाएं जा रहे है। इस अवसर पर विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, गणेश तिवारी, नंद श्रीवास, नरेंद्र मानिकपुरी, मनीराम साहू, अमर कुर्रे, प्रवीण शर्मा, जसबीर सलुजा, शैलेन्द्र उपाध्याय सहित जन प्रतिनिधि, क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थें।

### जिले के खिलाड़ियों ने जीते 32 पदक



16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अर्जित किए। छोटी मेहरा ने तवा फेंक और गोला फेंक दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनिल कुमार ने गोला फेंक और भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। खिलेश्वर पटेल ने 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि सुखनंदन निषाद ने 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देव सिंह अहीरे ने भाला फेंक और गोला फेंक में रजत पदक प्राप्त किया। अरुण वर्मा ने भाला फेंक, लंबी कूद और गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में रजत पदक भी हासिल किए। गांधी कुर्रे ने भाला फेंक और लंबी कूद में स्वर्ण पदक, जबकि 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक में रजत पदक प्राप्त किए। आमीन खान ने लंबी कूद और गोला फेंक में स्वर्ण पदक तथा तवा फेंक में रजत पदक जीता। शिवकिंकर नेताम ने तवा फेंक में स्वर्ण पदक, गोला फेंक में रजत पदक और भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। थानू ने तवा फेंक में रजत पदक जीता, वहीं रामलोचन वर्मा ने भाला फेंक में रजत पदक हासिल किया। केशव ने तवा फेंक और गोला फेंक दोनों में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सरजू कोसले ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक तथा तवा फेंक और भाला फेंक में रजत पदक प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों की उपलब्धियों से कबीरधाम जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है और यह प्रदर्शन आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के कुण्डा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पेंड्रीकला राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार रात लगभग 7:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरिया मेला से लौट रहे दो तेज रफ्तार बाइक सवारों और कुण्डा की ओर से आ रहे एक अन्य बाइक सवार के बीच आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों मोटर सायकिलें सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। इस हादसे की सूचना मिलते ही मृतक व घायलों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही कुण्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस ने कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### आईआईएसईआर पुणे में छत्तीसगढ़ के शिक्षकों का तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान आईआईएसईआर पुणे में 28 से 30 जनवरी तक तीन दिवसीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान आधारित कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आयुक्त किरण कौशल आईएएस के मार्गदर्शन में एपीसी (समग्र शिक्षा) एके सारस्वत, उपसंचालक एवं मंजूलता साहू, सहायक संचालक मार्गदर्शन एवं सहयोग से बसंत कुमार वर्मा एपीसी के अगुआई में कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित कुल 100 शिक्षकों ने सहभागिता की। जिसमें कबीरधाम जिले से महेश सिंह ठाकुर पूर्व माध्यमिक शाला मरपा, विजय लांझियाना प्राथमिक शाला मजगांव, कृष्ण कुमार बघेल पूर्व माध्यमिक शाला पालक एवं खिलेंद्र साहू पूर्व माध्यमिक शाला शंभूपिपर ने कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यशाला के प्रमुख विषयों में नई शिक्षा नीति आधुनिक शिक्षण पद्धतियां, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आईटीसी का शिक्षण में प्रभावी उपयोग तथा अनुसंधान कौशल विकास शामिल थें। यह कार्यशाला प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित की गई। कार्यशाला के अंतर्गत साइंस एक्टिविटी सेंटर एसएसी के माध्यम से कम लागत वाली सामग्री से विज्ञान प्रयोग एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री टीएलएम निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही शिक्षा में नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ द्वारा सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा शिक्षण में अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करना, टीएलएम के माध्यम से शिक्षण को अधिक रुचिकर बनाना तथा शिक्षकों को नवाचार हेतु सशक्त करना रहा। समापन अवसर पर उत्कृष्ट नवाचार प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों को आईआईएसईआर पुणे के निदेशक व्याख्याता सुनील एस भगवत द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सराहना की तो कांग्रेसियों में नाखुश

# केन्द्रीय बजट पर जनप्रतिनिधियों ने दी अपनी अपनी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा/पंडरिया

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण द्वारा रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 पेश की बजट को सत्ता ने जहां ऐतिहासिक करार दिया, वही विपक्ष ने इसे देश में मौजूदा समस्याओं और चुनौतियों का ठोस समाधान नहीं देने वाला बजट बताया वही भाजपा नेताओं ने बजट के सराहना करते हुए ऐतिहासिक बताया एवं बजट पर अपना अपना प्रतिक्रिया व्यक्त किया।

### यह बजट विकसित भारत का बजट है: बालमुकुंद चंद्रवंशी



मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी ने प्रतिक्रिया देते कहा यह बजट विकसित भारत का बजट है 2047 तक भारत की आत्मनिर्भर बनाने का मजबूत नींव रखेगा यह बजट गांव गरीब, किसान युवाओं और महिलाओं के चिंताओं के हिसाब से बनाया गया है, उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बजट वरदान साबित होगा।

### सबका साथ सबका विकास वाला बजट: मनहरण साहू



महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा मनहरण साहू ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को साकार करने वाला बजट है यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए लाभकारी होगा।

### अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत को वैश्विक आयाम देने वाला बजट: महेंद्र धृतलहरे



केंद्रीय बजट 2026-27 प्रतिक्रिया देते हुए अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री की सरकार सबका साथ सबका विकास सोच और विकसित भारत-2047 के विजन को केंद्र में रखकर बजट पेश किया है, वित्तमंत्री सीतारमण को उनके 9 वे बजट के लिए शुभकामनाएं जहां उन्होंने 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय के साथ ही वर्ष 2026 पेश किया।

### केंद्रीय बजट से देश की तकदीर व तस्वीर बदलेगी: सूरज



भाजपा नेता सूरज यादव ने कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट से देश को नई दिशा मिलेगी बजट सर्वहिताय साबित होगी, श्री यादव ने कहा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और उनके दूर दृष्टि की बजट है जिसमें पिछले 10 सालों में भाजपा की सरकार ने 22 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला।

### मजदूर किसानों और युवाओं को इस बजट में कुछ नही



जिला कांग्रेस के नेता प्रशांत परिहार ने वित्त मंत्री के पेश किए बजट को सिर्फ जुमला और चुनावी घोषणा पत्र बताया। प्रशांत परिहार ने कहा कि ये बजट सिर्फ उद्योगपतियों और माफियो के लिए बनाया बजट है।इस बजट में होने वाले आगामी 5राज्यो को रखकर बनाया गया है। गांव, गरीब, मजदूर, किसानों और युवाओं को इस बजट में कुछ नही मिला।

### आम बजट मोदी सरकार की निराशावादी: उतरा दिवाकर



वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर अपना प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर ने कहा कि प्रस्तुत केंद्रीय बजट वास्तिक समस्याओं से मुंह फेरने वाला बजट है, राष्ट्रीय व्यापार आयोग गठन न कर व्यापारियों की समस्याओं को बरकार रखा है गरीब किसानों और युवाओं के लिए कुछ नहीं है मोदी सरकार देश की आम जनता को राहत देने के लिए कोई प्रावधान आवश्यक वस्तुओं पर कोई राहत नहीं कोई बड़ी घोषणा नहीं भाजपा केवल प्रचार करने वाली बजट लाई है।

### केन्द्रीय बजट-2026 निराशाजनक, उद्योगपति का सरकार



घनश्याम साहू ने केंद्रीय बजट-2026 को निराशाजनक बताया है। उनका कहना है कि इस बजट में युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर नहीं हैं, किसानों के फसलों के समर्थन मूल्य की बात नहीं की गई है, और सिर्फ उद्योगपतियों और कॉरपोरेट जगत को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन बजट में इसका ध्यान नहीं दिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है, लेकिन बजट से लगता है कि सिर्फ दावे किए जा रहे हैं, धरातल पर कुछ नहीं है।

### चितेरे फाउंडेशन की बेटियों ने लोक गायिका आरू साहू को भेंट की सुपा कला की अनोखी पेंटिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के ग्राम झिरना में आयोजित प्रसिद्ध झिरना मेला माघी पूर्णिमा मेला इस बार सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर रहा। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर लगने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सुश्री आरू साहू का सुमधुर आवाज प्रदर्शन रहा। इस दौरान भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की प्रतिभावान बेटियों ने आरू साहू को उनकी ही सुपा कला में बनी एक बेहतरीन पेंटिंग भेंट की। यह पेंटिंग सुपा आर्ट की कलाकार राजमती विश्वकर्मा, खुशबू विश्वकर्मा और दिव्या विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से तैयार की थी। पेंटिंग प्राप्त कर आरू साहू ने इस अनोखी कलाकारी के लिए भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की बहनों का आभार व्यक्त किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री क्षेत्र के लोगों से की मुलाकात

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लोगों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए वे हर समय उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी, बोडला नंद श्रीवास, नरेंद्र मानिकपुरी, मनीराम साहू, अमर कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### पूर्णिमा चंद्राकर को पार्टी ने बनाया जिलाध्यक्ष

**कवर्धा।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



उदित राज ने गत दिवस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर की सहमति से प्रदेश एवं कवर्धा जिला कार्यकारिणी की नई सूची जारी की है। जारी सूची में तीन प्रदेश महासचिव, तीन प्रदेश सचिव, एक प्रदेश समन्वयक के साथ आधा दर्जन जिला अध्यक्षों को जिले की जिम्मेदारी सौंपी हैं। कबीरधाम जिले से पुर्णिमा चंद्राकर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। पुर्णिमा चंद्राकर ने पार्टी द्वारा उन पर भरोसा जताने महती जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी संगठन का आभार व्यक्त किया है।

# गन्ने की कीमत बढ़ाने व धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि और धान खरीदी की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने बुधवार को कवर्धा-मुंगेली नेशनल हाईवे 130ए पर पंडरिया के पास चक्काजाम किया। किसानों के इस आंदोलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों, यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान पंडरिया के समीप एकत्रित हुए और सड़क पर बैठकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि जिले में स्थित शक्कर कारखाने में गन्ने का समर्थन मूल्य बीते पांच वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है। जबकि बाहरी बाजारों और अन्य शुगर फैक्ट्रियों में गन्ने का भाव 450 से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। इसके बावजूद स्थानीय किसानों को मजबूरी में कम दरों पर गन्ना बेचने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसान नेताओं ने बताया कि उत्पादन लागत, खाद, बीज, कीटनाशक और मजदूरी के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन इसके अनुरूप गन्ने की कीमत नहीं बढ़ाई गई। इससे किसानों की आय प्रभावित हो रही है और खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। संघ ने मांग की कि गन्ने का समर्थन मूल्य तत्काल बढ़ाकर किसानों को राहत दी जाए। इसी के साथ भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी को लेकर भी गंभीर चिंता जताई।

किसानों का कहना है कि जिले में अभी भी हजारों किसान ऐसे हैं, जो विभिन्न कारणों से अपनी धान की फसल समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाए हैं। तय समय-सीमा समाप्त हो जाने से किसानों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है।

### किसान संघ ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांगें



किसान संघ ने मांग की कि धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और शेष बचे सभी किसानों का धान खरीदा जाए। चक्काजाम के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा और इस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। अधिकारियों के समझाने के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया, जिससे यातायात पुनः बहाल हो सका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा कि यह आंदोलन फिलहाल सांकेतिक है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संघ आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अपने हक के लिए शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक आंदोलन के लिए तैयार हैं।

**चहलकदमी:** ट्रैप कैमरों में बाघ-बाघिन व शावकों की तस्वीरें कैद

# भोरमदेव अभ्यारण में परिवार के साथ नजर आया बाघ जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण से एक सुखद और उत्साहजनक खबर सामने आई है। वर्षों बाद एक बार फिर यहां बाघों की स्थायी मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघ, बाघिन और उनके शावकों की स्पष्ट तस्वीरें कैद हुई हैं। इससे यह पुष्टि हुई है कि भोरमदेव अभ्यारण और उससे जुड़े वन क्षेत्र अब बाघों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आवास बनते जा रहे हैं। बाघों की वापसी ने न केवल वन्यजीव प्रेमियों को उत्साहित किया है, बल्कि जिले में वन संरक्षण के प्रयासों को भी नई पहचान दी है। भोरमदेव की पहाड़ियों घने साल और सागौन के जंगलों में इन दिनों बाघ-बाघिन अपने शावकों के साथ बेखौफ विचरण कर रहे हैं। कैमरों में बाघिन को शावकों के साथ शिकार करते हुए भी देखा गया है। यह दृश्य इस बात का संकेत है कि जंगल की पारिस्थिति संतुलित है और शिकार प्रजातियों की पर्याप्त उपलब्धता है। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी जंगल में बाघों की मौजूदगी उस क्षेत्र की जैव विविधता और स्वास्थ्य का सबसे मजबूत संकेत मानी जाती है। वन विभाग के अनुसार, वर्तमान में जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में चार से अधिक बाघ और बाघिन सक्रिय हैं। हाल के दिनों में उनकी गतिविधियां चिल्फी, बेंदा, झलमला, जामुनपानी, भोरमदेव अभ्यारण के आंतरिक क्षेत्र तथा बांधा-बेरियल से जामुनपानी मार्ग के आसपास दर्ज की गई हैं। कई स्थानों पर बाघों के पैरों के निशान और मूवमेंट के स्पष्ट प्रमाण भी मिले हैं। सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने बाघों की सटीक लोकेशन सार्वजनिक नहीं की है और लगातार ट्रैकिंग व निगरानी की जा रही है।

### कान्हा से भोरमदेव की ओर बाघों का रुख



वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि भोरमदेव में बाघों की संख्या बढ़ने के पीछे मध्यप्रदेश के कान्हा नेशनल पार्क में बाघों की बढ़ती आबादी एक प्रमुख कारण है। कान्हा में क्षेत्रीय दबाव बढ़ने के चलते कई बाघ और बाघिन नए, शांत और सुरक्षित आवास की तलाश में छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जंगलों की ओर बढ़ रहे हैं। भोरमदेव का घना जंगल, कम मानवीय हस्तक्षेप और पर्याप्त शिकार प्रजातियां इसे बाघों के लिए आदर्श बनाती हैं। पहले भी बाघिनें यहां प्रजनन के लिए आती रही हैं, लेकिन इस बार उनका लंबे समय तक शावकों के साथ टिके रहना इस क्षेत्र की बढ़ती उपयुक्तता को दर्शाता है।

### जंगल सफारी की तैयारी, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बाघों की मौजूदगी के साथ ही वन विभाग ने भोरमदेव अभयारण्य में जंगल सफारी शुरू करने की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अप्रैल या मई माह से आम पर्यटकों के लिए सफारी की शुरुआत की जा सकती है। इसके संचालन के लिए गुजरात की एक अनुभवी कंपनी को ठेका दिया गया है, जो समिति के माध्यम से सफारी का प्रबंधन करेगी। सफारी के लिए टिकट बुकिंग पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इससे न केवल पर्यटकों को बाघों और अन्य वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

# राजनीति का विद्रूप चेहरा, निष्ठा को निराशा और चाटुकारिता की चांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

आज लगभग हर उस राज्य या क्षेत्र में जहां किसी भी राजनीतिक दल की सरकार सत्तासीन होती है, वहां संगठन के भीतर स्पष्ट रूप से दो वैचारिक ध्रुव विकसित हो जाते हैं। यह विभाजन केवल पद या प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि सिद्धांतों और कार्यशैली का होता है। एक पक्ष उन जमीनी कार्यकर्ताओं का है, जो दल की विचारधारा की आधारशिला होते हैं। ये वे पुराने और खुद्दार कार्यकर्ता हैं जिन्होंने संघर्ष के दिनों में पार्टी का झंडा थामे रखा और जनता के बीच अपनी गहरी पैठ बनाई। उनकी निष्ठा निस्वार्थ और वैचारिक होती है। इसके विपरीत, दूसरा पक्ष उन अवसरवादी तत्वों का है जो सत्ता की चमक से आकर्षित होकर दल में शामिल होते हैं। इनके लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम न होकर निजी लाभ और आर्थिक कमाई का एक जरिया मात्र होती है। हवा-हवाई सक्रियता और चाटुकारिता के दम पर ये सत्ता के करीब तो पहुंच जाते हैं, लेकिन संगठन की वैचारिक गहराई को खोखला कर देते हैं। सत्ता के इस दौर में इन दो खेमों के बीच का यह आंतरिक संघर्ष न केवल राजनीतिक दलों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-प्रतिनिधित्व की शुचिता के सामने भी एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### सत्ता का मद और चमचों का घेरा

जैसे ही चुनाव के परिणाम आते हैं और नेता की कुर्सी पक्की होती है, परिदृश्य पूरी तरह बदल जाता है। वह कार्यकर्ता जिसने पसीना बहाया, लाठियां खाईं और घर-घर जाकर नेता के लिए वोट मांगे, अचानक अदृश्य हो जाता है। उसकी जगह ले लेती है चाटुकारों और दलालों की फौज। ये वे लोग होते हैं जिन्हें विचारधारा से कोई सरोकार नहीं होता, जिनका एकमात्र धर्म उगते सूरज को अर्घ्य देना है। और सत्ता मद में चूर नेता, इन चरण-वंदक चापलूसों को ही अपना असली हितैषी मान बैठते हैं। धीरे-धीरे ये चाटुकार लोग ही नेता जी के आंख और कान बन जाते हैं, जिससे नेता का जनता से सीधा संपर्क कट जाता है।

### प्रताड़ित होते हैं सच बोलने वाले कार्यकर्ता

एक निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी और नेता का सच्चा दर्पण होता है। वह कमियां बताता है, जनता की नाराजगी से अवगत कराता है और सुधारात्मक सलाह देता है। लेकिन सत्ता के नशे में डूबे नेताओं को यह खरापन अखरने लगता है। स्पष्टवादी कार्यकर्ताओं को विद्रोही या विरोधी गुट का मानकर हाशिए पर धकेल दिया जाता है। उन्हें बैठकों से दूर रखा जाता है, उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाई जाती है और पांच साल तक उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

### विचारधारा की मजबूरी और घड़ियाली आंसू

लेख का सबसे मर्मस्पर्शी हिस्सा वह है जहां कार्यकर्ता की विवशता उजागर होती है। पांच साल तक अपमान का जहर पीने वाला कार्यकर्ता जब चुनाव के वक्त नेता को फिर से अपने द्वार पर गिड़गिड़ाते देखता है, तो वह एक अजीब धर्मसंकट में फंस जाता है। नेता जी की बेशर्मी की पराकाष्ठा देखिए वे फिर से उसी कार्यकर्ता को वरिष्ठ और ज्येष्ठ बताकर गले लगाते हैं। कार्यकर्ता, जो अक्सर अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर विचारधारा को रखता है, नेता के उन घड़ियाली आंसुओं और झूठे आश्वासनों में एक बार फिर अपनी निष्ठा का बलिदान दे देता है। वह अपनी कसमों को भूलकर, फिर से उसी जोश के साथ मैदान में उतर जाता है।

### ठगे जाने का अंतहीन सिलसिला

जैसे ही जीत की माला नेता के गले में पड़ती है, इतिहास खुद को दोहराता है। बिलों में छिपे वे दलाल फिर से बाहर आ जाते हैं और सत्ता की मलाई खाने के लिए नेता के आजू-बाजू मंडराने लगते हैं। निष्ठावान कार्यकर्ता एक बार फिर अपनी पुरानी नियति उपेक्षा और गुमनामीकी ओर धकेल दिया जाता है।

### क्या यही लोकतंत्र का भविष्य है?

आज की राजनीति में निष्ठा एक महंगा सौदा बन गई है। जब तक राजनीतिक दल और उनके शीर्ष नेता चाटुकारिता और जमीनी पकड़ के बीच का अंतर नहीं समझेंगे, तब तक वे जनता के बीच अलोकप्रिय होते रहेंगे। कार्यकर्ता का आत्मसम्मान ही किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। यदि रीढ़ ही बार-बार तोड़ी जाएगी, तो संगठन का ढहना निश्चित है। यह विद्रूप चेहरा सिर्फ एक कार्यकर्ता की पीड़ा नहीं, बल्कि हमारे गिरते राजनीतिक मूल्यों का शोकगीत है।

# 97.43 लाख के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में जनता की आकांक्षाओं, सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर निर्माण कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। आज ग्राम रामपुर (ठाठापुर) में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं आजीविका मिशन अन्तर्गत महिला समूह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा ने 97 लाख 43 हजार की लागत से विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने 43 लाख 68 हजार की लागत से बॉक्स कल्वर्ट एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण, 25 लाख की लागत से रानी खेत के पास स्टापडेम निर्माण, गनियारी नाला में 19 लाख की लागत से चेकडेम निर्माण, 8 लाख की लागत से प्राथमिक शाला के पास पुलिया निर्माण एवं 1 लाख 75 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के गांव–गांव तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, पुलिया, जल संरक्षण, नाली निर्माण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, महामंत्री दारा सिंह, जिला मंत्री राघवेंद्र वर्मा, सरपंच गोपाल नेताम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पिंटू सिंह, श्रीमती रूखमणि खोमलाल कौशिक सहित भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनवरी के चावल वितरण में देरी, अल्टीमेटम के आखरी दिन भी खाली हाथ लौटे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सहसपुर लोहारा में जनवरी माह के शासकीय चावल वितरण में लगातार हो रही देरी से आमजन की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रहीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा राशन दुकानों को दो दिनों के भीतर सभी हितग्राहियों को चावल वितरण पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन आज आखरी दिन होने के बावजूद कई हितग्राही अब भी चावल पाने से वंचित हैं। सुबह से ही विभिन्न राशन दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, फिर भी कई लोगों को स्टॉक नहीं आया, सिस्टम बंद है या बाद में आना कहकर लौटा दिया गया। मजदूरी करने वाले परिवारों को रोज काम छोड़कर राशन दुकान आना पड़ रहा है, जिससे उनकी आमदनी पर भी असर पड़ रहा है। सबसे गंभीर शिकायत यह सामने आई है कि कई हितग्राहियों के राशन कार्ड दुकानों में जमा ही नहीं लिए जा रहे हैं। दुकान संचालकों द्वारा तकनीकी कारण या अन्य बहाने बताकर कार्ड लेने से मना किया जा रहा है, जिससे पात्र परिवार वितरण सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं और शासन की योजना के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। नगर के कई वार्डों से



मिली जानकारी के अनुसार, कुछ परिवारों के घरों में अनाज पूरी तरह खत्म हो चुका है और उन्हें बाजार से महंगे दाम पर चावल खरीदना पड़ रहा है। इससे गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थिति की तत्काल निगरानी की जाए, जिन दुकानों में वितरण नहीं हुआ है वहां विशेष व्यवस्था कराई जाए और जिन हितग्राहियों के कार्ड जमा नहीं लिए जा रहे हैं उनकी समस्या का मौके पर समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि आज भी पूर्ण वितरण नहीं हुआ तो वे आगे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब सबकी निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि अल्टीमेटम के आखरी दिन के बाद क्या ठोस कार्रवाई की जाती है और कब तक सभी हितग्राहियों को उनका हक मिल पाता है।

### भाजपा युवा मोर्चा महामंत्रियों का भव्य स्वागत



**पाण्डातराई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में कवर्धा जिले से अमित चंद्रवंशी एवं धनेश्वर जायसवाल को युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के पश्चात नगर पांडातराई में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी के साथ दोनों नवनियुक्त महामंत्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, दिनेश गुप्ता, रामू पांडे, प्रमोद गुप्ता, अखिल सोनी, भागीरथी साहू, सुखचैन चंद्रवंशी, हीरवन जायसवाल, राशिद बघेल, भुवनेश्वर जायसवाल, जलेश्वर साहू, तुषार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

**स्कूटी पाकर लाभार्थियों में हर्ष, उपमुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

# उपमुख्यमंत्री शर्मा की पहल से दो दिव्यांगों को मिली स्कूटी, चेहरे पर लौटी मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय कवर्धा में दो दिव्यांग लाभार्थियों को स्कूटी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बोड़ला विकासखंड के ग्राम मारियाटोला निवासी विद्याधा वर्मा तथा ग्राम नेऊरगांव निवासी भूपेंद्र चंद्रवंशी को स्कूटी की चाबी सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके दैनिक जीवन को सुगम करना है।

स्कूटी मिलने से लाभार्थियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा वे अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी, बोडला नंद श्रीवास, नरेंद्र मानिकपुरी, मनीराम साहू, अमर कुर्रे सहित जन प्रतिनिधि, क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को स्कूटी उपलब्ध कराए जाने से उनके दैनिक आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी तथा वे स्वावलंबी जीवन की ओर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

स्कूटी प्राप्त होने से लाभार्थियों के दैनिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सुविधा मिलेगी, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सम्मानजनक एवं स्वतंत्र जीवन यापन कर सकेंगे। यह पहल सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके अंतर्गत दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

बोड़ला विकासखंड के ग्राम मारियाटोला निवासी विद्या वर्मा तथा ग्राम नेऊरगांव निवासी भूपेंद्र चंद्रवंशी ने स्कूटी प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं शासन-प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

लाभार्थियों ने बताया कि उन्होंने स्कूटी के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे उन्होंने तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया। आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए आज उन्हें स्कूटी प्रदान की गई, जिससे वे बहुत खुश हैं।

# डोंगरीगढ़ में वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा संचालित मां भुवनेश्वरी हाई स्कूल और डॉ. अम्बेडकर बालक छात्रावास डोंगरीगढ़ में गत दिनो वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पूर्व छात्रों ने विद्यालय की स्मृतियों को ताजा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष लोरमी, श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी दीनानाथ केशरवानी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विद्या भारती शिक्षा संस्थान रायपुर के प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ. देवनारायण साहू ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल वनवासी सेवा समिति के अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा के संचालक हरीश लूनिया, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता रविनंदन पांडेय, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शत्रुहन साहू और कई गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

